दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

नई दिल्ली। शनिवार 03 जनवरी -2026 | वर्ष : 11 अंक : 15 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







## पीएम मोदी ने देशवासियों को नए साल की दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** नए साल 2026 का आगाज हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए साल के मौके पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और समाज में शांति व समृद्धि की कामना की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- समाज में शांति, खुशी के लिए प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सभी को 2026 की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आने वाला साल आपके लिए अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि लाए, आपके प्रयासों में सफलता मिले और आप जो भी करें, उसमें आपको संतुष्टि मिले। हमारे समाज में शांति और खुशी के लिए प्रार्थना करता हूं।

### एक अन्य पोस्ट में संस्कृत सुभाषित शेयर करते हुए पीएम मोदी ने लिखा यह संदेश

एक अन्य पोस्ट में संस्कृत सुभाषित शेयर करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, 2026 की आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। कामना करते हैं कि यह वर्ष हर किसी के लिए नई आशाएं, नए संकल्प और एक नया आत्मविश्वास लेकर आए। सभी को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दे। उन्होंने आगे लिखा, ज्ञानं विरक्तिरैश्वर्यं शौर्यं तेजो बलं स्मृतिः। स्वातन्त्र्यं कौशलं कान्तिर्धैर्यं मार्दवमेव च॥

### दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, आप सभी को एंग्लो नए साल की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। नए साल का यह शुभ अवसर दिल्ली के हर नागरिक के जीवन में नई उम्मीद, सकारात्मक ऊर्जा और लगातार प्रगति का संदेश लाए।

उन्होंने देशवासियों की खुशी, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, यह नया साल आप सभी के लिए शुभ, आनंदमय और उपलब्धियों से भरा हो।

उन्होंने आगे लिखा, दिल्ली की सेवा व जन कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता इस साल नई ऊर्जा और बड़े संकल्प के साथ लागू की जाएगी। दिल्ली की मूलभूत ताकत, जो लगातार विकास और सुशासन की ओर बढ़ रही है, वह इसके नागरिकों का विश्वास और सक्रिय भागीदारी है। यह नया साल एक मजबूत, समावेशी और समृद्ध राजधानी बनाने के लिए हमारी साझा जिम्मेदारी को गहरा करने का अवसर प्रदान करता है।

## पंचायत चुनाव की हो गयी गाजियाबाद में निर्वाचन वाली तैयारी

### आपत्तियों का निस्तारण शुरू, 6 फरवरी को होगी अंतिम मतदाता सूची जारी




**- इस अभियान में गाजियाबाद में 67214 नये मतदाताओं के नाम जाड़े गये। जबकि 33405 मतदाताओं के नाम सूची से हटाये गये।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पंचायत चुनाव की तैयारी लगातार जारी है। एसआईआर अभियान से लेकर फार्म 6 अभियान चल रहा है मगर इन सबके समानान्तर पंचायत चुनाव का भी काम चल रहा है।

पंचायत चुनाव को लेकर तीन स्तरीय तैयारी चल रही है। तैयार की गयी प्रोविजनल मतदाता सूची पर आपत्तियां मांगी गयी थीं और अब आपत्तियों के निस्तारण कीप्रक्रिया शुरू कर दि गयी है। जो भी आपत्तियां आयी हैं उन पर काम शुरू हो गया है। जनवरी का महीना आपत्तियों के निस्तारण के नाम रहेगा। समाधान के बाद 6 फरवरी को पंचायत चुनाव को लेकर अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी।

6 फरवरी के बाद ये तस्वीर सामने आ जायेगी कि इस बार कुल कितने मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। गाजियाबाद में पंचायत चुनाव की तैयारी में प्रोविजनल वोटर लिस्ट पर आई आपत्तियों के निस्तारण के साथ साथ 24 वर्ष से अधिक आयु के 32373 नये मतदाताओं का सत्यापन भी किया जा रहा है। ये वो मतदाता हैं जो पहली बार मतदाता सूची में दर्ज हुए हैं। सत्यापन के बाद ये सभी मतदाता वोटर लिस्ट में दर्ज हो जायेंगे और ये प्रक्रिया 6 फरवरी से पहले पूरी कर ली जायेगी।

### गाजियाबाद में जोड़े गये हैं 67214 मतदाताओं के सूची में नाम

करंट क्राइम। पंचायत चुनाव की बात करें तो गाजियाबाद जिले में चार विकास खण्ड हैं और इन विकास खण्डों में 142 ग्राम पंचायत हैं। वर्ष 2021 की मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 441245 मतदाता थे। संभावित रूप से मार्च अप्रैल में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए व्यापक पुनरिक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान में गाजियाबाद में 67214 नये मतदाताओं के नाम जाड़े गये। जबकि 33405 मतदाताओं के नाम सूची से हटाये गये। इसके अलावा 5530 मतदाता ऐसे हैं जिनके नाम और पते उनके आवेदन के आधार पर संशोधित किये गये हैं। इस प्रकार गाजियाबाद में अब पंचायत चुनाव में वोट डालने वाले मतदाताओं की संख्या में 33819 की बढ़ोत्तरी हो गयी है। और अब कुल मतदाता 475054 हो गये हैं।

### रजापुर ब्लॉक में बढ़े सबसे ज्यादा मतदाता और भोजपुर में सबसे ज्यादा नाम कटे

करंट क्राइम। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारी चल रही है। 6 फरवरी को अंतिम वोटर लिस्ट जारी हो जायेगी। यहां पर रजापुर ब्लॉक में सबसे ज्यादा नाम जोड़े गये हैं और भोजपुर ब्लॉक में सबसे ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटाये गये हैं। भोजपुर ब्लॉक में कुल128464 मतदाता हैं जहां 18726 नये नाम जोड़े गये हैं। यहां 11638 नाम हटाये गये हैं। इससे यहां पर मतदाताओं की संख्या में 7088 की वृद्धि हुई है। मुरादनगर ब्लॉक में 105656 वोटर हैं। यहां 15290 नाम वोटर लिस्ट में जोड़े गये हैं। 9335 नाम वोटर लिस्ट से कटे हैं। इसके बाद यहां भी 5955 का इजाफ हुआ है। रजापुर ब्लॉक में 142976 मतदाता हैं। जहां 25936 नये नाम जोड़े गये हैं और 7746 नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये हैं। जिसके बाद यहां 18190 वोटों की संख्या बढ़ गयी है। लोनी ब्लॉक में 64149 वोटर हैं। जिसमें 7262 नाम जुड़े हैं और लोनी ब्लॉक की सूची से 4686 नाम हटा दिये गये हैं। यहां पर भी 2576 वोटर सूची में बढ़े हैं। अब आपत्तियों का निस्तारण होगा और 6 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी जायेगी।

## गूंज रहा है विकास वाले महकमे में मीटिंग को लेकर साहब की नाराजगी का किस्सा

### जब लेट लतीफ बने अधीनस्थ तो फिर आ ही गया साहब को भयंकर गुस्सा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नये साल की शुरूआत के अगले दिन विकास वाले महकमे में साहब का गुस्सा सातवें आसमान पर था। साहब के गुस्से से हर कोई हैरान था। क्योंकि साहब कभी नाराज नहीं होते और अधिनस्तों से भी बेहद विनम्र व्यवहार करते हैं। पब्लिक के लोग भी बताते हैं कि हमेशा चेहरे पर मुस्कान रहती है।

साहब महकमे के बड़ अफसर हैं और टाईम के पाबंद हैं। अपने कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करते हैं। लेकिन जब ऐसे अधिकारी को भी गुस्सा आ जाये तो फिर ये जानना सबके लिए जरूरी हो जाता है कि आखिर ऐसा क्या हो गया कि साहब का पारा हाई हो गया।

महकमा सूत्र बताते हैं कि विभाग की एक समीक्षा बैठक होनी थी। साहब चाहते थे कि इस बैठक की खानापूर्ति ना हो और समीक्षा बैठक में जिन भी बिंदुओं पर समीक्षा हो, उनकी रिपोर्ट सामने हो। समीक्षा के सभी बिंदुओं पर विचार हो। वो कई दिन से अधिनस्तों को इस बात के निर्देश दे रहे थे कि बैठक से पहले अपनी अपनी रिपोर्ट तैयार कर लो। बताया जाता है कि कोई समिति भी आनी है और इस समिति को लेकर भी रिपोर्ट तैयार होनी है। साहब मुस्कुराकर विनम्रता से निर्देश दे रहे थे और कर्मचारी और मातहत अधिकारी इसका एडवांटेज




ले रहे थे। कई बार कहा लेकिन हैरानी की बात ये रही कि लखनऊ और मेरठ के निर्देशों को साईड में रखने वाले अधिनस्तों ने मुख्यालय क बड़े साहब के अफसरों को भी इसी अंदाज में ले लिया। कई दिन से रिपोट बनाने को कहा जा रहा था और रिपोर्ट तैयार नहीं हो रही थी।

सूत्र बताते हैं कि शुक्रवार को महकमे के बड़े साहब ने मीटिंग बुला ली। बड़े साहब टाईम के पाबंद हैं और उन्होंने चार बजे ये मीटिंग बुलाई। ठीक चार बजे सभागार में महकमे के साहब आकर बैठ गये। लेकिन जब चार बजे तो एक भी कर्मचारी या अधिनस्त अधिकारी नहीं पहुंचा। साहब इंतजार करने लगे और इधर घड़ी की सुईयों ने आगे बढ़ना शुरू किया। पहले सवा चार बजे, फिर साढे चार बजे मगर कोई भी अधिनस्त अधिकारी और कर्मचारी नहीं पहुंचा। इंतजार करते करते साहब का पारा सर्द मौसम में हाई हो गया।

जब चार बजकर 45 मिनट पर एक एक करके सभी अधिनस्त अधिकारी और कर्मचारी आये तो पहले तो साहब शांत भाव से इन सभी को देखते रहे। जब धीरे धीरे सभी आ गये तो साहब उठकर अपने कक्ष में चले गये। इसके बाद हाई पारा अपने तापमान को साहब के कक्ष से बाहर तक ले आया। साहब के कमरे से जोर जोर से गुस्से की आवाज थी। इसके बाद एकएक करके सभी को साहब के कमरे में बुलाया गया। साहब इस बात पर नाराज थे कि अगर विभाग का मुखिया होने के नाते मेरे आदेशों के अनुपालन में ये हाल है तो जनता के कामों का क्या हाल होता होगा। सर्द मौसम में साहब के कमरे का पारा उनकी सुलगती आवाज से हाई हो रहा था। कमरे के बाहर से ही इस बात का अंदाजा हो रहा था कि शब्दों में शोले निकल रहे हैं। फिर मीटिंग शुरू हुई और पांच बजे से कब सात बज गये किसी को पता ही नहीं चला। साहब के गुस्से को पहली बार दफ़्तर ने देखा था और बताते हैं कि साहब के इस हाई पारे के बाद से अब विभाग का तापमान और कार्यशैली सुधर जायेगी।

## जब पुलिस अधिकारी ने पूर्व मंत्री को नए साल पर व्यक्तिगत रूप से दी शुभकामनाएं: बालेश्वर त्यागी



> **आज के सोशल मीडिया युग में नए वर्ष की शुभकामनाएं भेजना एक सामान्य परंपरा बन चुकी है, लेकिन किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा–वह भी ऐसे व्यक्ति को जो न वर्तमान में जनप्रतिनिधि है और न ही सक्रिय राजनीति में–याद किया जाना निश्चय ही सुखद और चौंकाने वाला अनुभव रहा।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी अक्सर सोशल मीडिया पर आते हैं और सबसे रोचक बात उनके लेखन में उनकी स्पष्टवादिता है। इस वर्ष एक फोन ने पूर्व मंत्री को नव वर्ष पर एक अलग ही हर्ष का एहसास कराया। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के पास पुलिस अधिकारी पहुंचे। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के लिए विगत वर्षों में यह एक निजी अनुभव था। क्योंकि अब वो सक्रिय राजनीति से भी दूर हैं और उन्हें मंत्री पद से भी पूर्व हुए दशक हो गये हैं। ऐसे में पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने इस पहल को अच्छा बताया और उन्होंने पुलिस कमिश्नर का भी ह्दय से धन्यवाद करते हुए उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

सोशल मीडिया के दौर में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की यह संवेदनशील पहल न केवल चौंकाने वाली रही, बल्कि प्रशासन की मानवीय छवि को भी सामने लाती है। कल सुबह मेरे घर की घंटी बजी। मैंने स्वयं दरवाजा खोला। सामने एक पुलिस का जवान खड़ा था। उसने पूछा– बालेश्वर त्यागी जी?

मैंने उत्तर दिया– हाँ। उसने मेरे हाथ में नव वर्ष की शुभकामनाओं का एक कार्ड थमाया और कहा कि कमिश्नर साहब ने आपको नव वर्ष की शुभकामनाएं भेजी हैं। मैंने उसका धन्यवाद किया और उसे भीतर आकर बैठने का आग्रह किया, लेकिन उसने विनम्रतापूर्वक अपनी व्यस्तता बताते हुए मना कर दिया।

यह पहला अवसर था जब किसी पुलिस कमिश्नर अथवा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नव वर्ष की शुभकामनाओं का पत्र मुझे प्राप्त हुआ। आज के सोशल मीडिया युग में नए वर्ष की शुभकामनाएं भेजना एक सामान्य परंपरा बन चुकी है, लेकिन किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा–वह भी ऐसे व्यक्ति को जो न वर्तमान में जनप्रतिनिधि है और न ही सक्रिय राजनीति में–याद किया जाना निश्चय ही सुखद और चौंकाने वाला अनुभव रहा।

पत्र लाने वाले जवान ने न केवल पत्र सौंपा, बल्कि यह भी स्पष्ट शब्दों में कहा कि कमिश्नर साहब ने नव वर्ष की शुभकामनाएं भेजी हैं। मुझे नहीं लगता कि उसने यह बात अपनी ओर से कही होगी। संभवतः उसे ऐसा कहने के निर्देश दिए गए होंगे। और यदि उसने स्वयं ही ऐसा कहा हो, तो उसका यह व्यवहार भी प्रशंसा के योग्य है।

मैं कल्याण सिंह के मंत्रिमंडल में गृह राज्य मंत्री रह चुका हूँ। गणतंत्र दिवस की परेड अथवा कभी-कभार जन्माष्टमी उत्सव की औपचारिक सूचना को छोड़ दें, तो इससे पहले कभी इस प्रकार का कोई व्यक्तिगत संदेश प्राप्त नहीं हुआ। इस सदाशयता और संवेदनशील पहल के लिए मैं पुलिस कमिश्नर जे. रविन्द्र गौड़ का हृदय से धन्यवाद करता हूँ तथा उन्हें भी नव वर्ष की अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

## दिल्ली-एनसीआर में अचानक बढ़ी सर्दी, अगले तीन दिन रहेंगे भारी

### गाजियाबाद में पहले ही स्कूलों में अवकाश के आदेश



**नई दिल्ली।** हवाओं की रफ्तार बढ़ने से शुक्रवार को कोहरा तो कम ही देखने को मिला, लेकिन दोपहर बाद दिल्ली समेत एनसीआर के शहरों में भी सर्दी का एहसास एकाएक बढ़ गया। दिन भर लोगों ने गलन का सा एहसास किया। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। सुबह राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर प्रभावित होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक तीन से छह जनवरी के बीच शहर के कुछ इलाकों में शीत लहर चलने की भी आशंका है।

गौरतलब है कि शुक्रवार के लिए भी मौसम विभाग ने घने कोहरे का आरेंज अलर्ट जारी किया था। लेकिन हवाओं की रफ्तार बढ़ जाने से यह अलर्ट बेमानी हो गया। दिल्ली समेत एनसीआर के शहरों में भी कोहरे का बहुत ज्यादा असर नहीं देखा गया।

इसका अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि गुरुवार रात डेढ़ से दो बजे के बीच सफदरजंग में सबसे कम दृश्यता 800 मीटर दर्ज की गई, जो ढाई बजे तक सुधरकर 1,200 मीटर हो गई।

#### पहाड़ों पर हुई ताजा बर्फबारी

हालांकि दूसरी तरफ उत्तर पश्चिमी दिशा से चल रही तेज हवाओं के साथ चूंकि पहाड़ों पर हुई ताजा बर्फबारी की ठंडक भी दिल्ली सहित एनसीआर तक पहुंच रही थी। इसीलिए दोपहर बाद ठंडक और गलन का एहसास बढ़ने लगा। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री कम 17.4 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 100 से 68 प्रतिशत तक रहा।

#### दिनभर आसमान रहेगा साफ

मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि शनिवार को दिन भर आसमान साफ रहेगा। न्यूनतम तापमान सात डिग्री जबकि अधिकतम 18 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। साथ ही सुबह के समय घना कोहरा छाने की भी आशंका है। मौसम ने शनिवार से मंगलवार के बीच दिल्ली और हरियाणा के कुछ इलाकों में शीतलहर चलने का भी अनुमान लगाया है। मालूम हो कि शीतलहर तब घोषित की जाती है जब न्यूनतम तापमान औसत तापमान से 4.5 डिग्री सेल्सियस से 6.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है।



# योगी आदित्यनाथ ने बजट खर्च में तेजी के दिए निर्देश, हर स्तर पर तय होगी जवाबदेही

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्त विभाग की समीक्षा बैठक में बजट खर्च करने को लेकर अफसरों को निर्देश दिए साथ ही कहा कि हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा विभिन्न विभागों को जारी बजट के व्यय को लेकर वित्त विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभागों के बजट प्राविधान के सापेक्ष शासन द्वारा जारी स्वीकृतियों, विभागाध्यक्ष द्वारा आवंटन, व्यय आदि की अद्धयावधिक प्रगति पर अधिक बजट प्राविधान वाले प्रमुख 20 विभागों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

**जिन विभागों में बजट व्यय में प्रगति धीमी, वे लाएं तेजी, हर अधिकारी की तय हो जिम्मेदारी :**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख 20 विभागों के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी प्रमुख विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभाग समय से आवंटन बजट का इस्तेमाल करें ताकि परियोजनाएं और योजनाएं समय से पूरी हो सकें और प्रदेशवासी इन योजनाओं लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट को समय से खर्च करने के लिए अधिकारी निर्णय लेने का सामर्थ्य विकसित करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, वह इसमें तेजी लाएं। साथ ही बजट को समय से खर्च करने के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी विभाग के अधिकारी तुरंत निर्णय लें। उन्होंने कहा कि निर्णय लेने में देरी से समय से बजट व्यय नहीं हो पाता है। ऐसे में निर्णय लेने में तेजी दिखाएं।

**अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की नई कार्ययोजना पर अभी से शुरू कर दें तैयारियां : मुख्यमंत्री** ने बैठक में वित्त विभाग को निर्देश दिये कि अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर अभी से सभी विभागों के साथ बैठक कर बजट मांग की समीक्षा करें।

## विभाग मंत्री, एसीएस और प्रमुख सचिव केंद्र सरकार से बजट जारी करने के लिए दिल्ली जाएं और पैरवी करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है। इसमें तेजी लाने के लिए विभागीय मंत्री और अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर हर माह बैठक करें। उन्होंने ने वित्त विभाग को निर्देश दिये कि जिन विभागों के आवंटन बजट के कुछ अंश को अभी तक किंहीं कारणों से जारी नहीं किया गया है, उन विभागों को तत्काल बजट आवंटित करें। उन्होंने सभी प्रमुख 20 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विभागों को विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से बजट जारी किया जाता है। इसके लिए विभाग के मंत्री, अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से बजट जारी करने के लिए पैरवी करें। इसके साथ ही केंद्र सरकार को पत्र लिखें और फोन से फालोअप करें। इसको लेकर मुख्य सचिव भी पहल करें। उन्होंने अपने कार्यालय को निर्देश दिये कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, उनको चिह्नित करें और उनके विभाग के मंत्रियों को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से पत्र जारी करें।

# इंदौर में 15वीं मौत से बढ़ी चिंता

## भागीरथपुरा की गीताबाई ने अस्पताल में तोड़ा दम

**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 68 वर्षीय गीताबाई की मौत के साथ मृतकों का आंकड़ा 15 पहुंच गया। 200 से अधिक मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग जांच और उपचार में जुटा हुआ है। इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की तबीयत बिगड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 200 से अधिक लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। बड़ी संख्या में अन्य लोग भी उल्टी-दस्त और कमजोरी की शिकायत के साथ इलाज करा रहे हैं।

**भागीरथपुरा में 15वीं मौत की पुष्टि :** जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह भागीरथपुरा क्षेत्र में रहने वाली 68 वर्षीय गीताबाई ध्रुवकर की मौत हो गई। उन्हें 24 दिसंबर को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पति राजू के अनुसार, गीताबाई को दो दिनों से लगातार उल्टी और दस्त हो रहे थे और घर पर ही लगभग 50 बार उल्टी हो चुकी थी।




**इलाज के दौरान नहीं सुधरी हालत :** एमवाय अस्पताल में भर्ती करने के बाद भी गीताबाई की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उन्हें अरबिंदो अस्पताल ले गए, लेकिन वहां भी हालत गंभीर बनी रही। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

**बीते दिनों में कैसे बढ़ा मामला :** 25 दिसंबर से दूषित पानी से बीमार मरीजों के अस्पताल पहुंचने का क्रम शुरू हुआ। प्रारंभ में दो अस्पतालों में 18 मरीज भर्ती किए गए। 28 दिसंबर को स्वास्थ्य विभाग की टीम और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मरीजों से मिलने पहुंचे। 29 दिसंबर को डायरिया से एक मौत की पुष्टि हुई और शाम तक यह आंकड़ा चार हो गया।

**चार दिन में सामने आई गंभीर तस्वीर :** 30 दिसंबर को यह जानकारी सामने आई कि बीते चार दिनों से बस्ती में लगातार मौतें हो रही थीं और मृतकों की संख्या 14 तक पहुंच चुकी थी। वर्तमान में अस्पतालों में 200 से अधिक मरीज भर्ती हैं, जिनमें से लगभग 30 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# इंदौर हादसे पर गरमाई राजनीति राहुल गांधी ने भाजपा को घेरा



**इंदौर।** राहुल गांधी ने इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने एमपी की सरकार पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया और साथ ही इस पूरे मामले पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी की वजह से हुई 15 मौतों के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने निशाना साधा। राहुल गांधी ने एक्स पर साझा पोस्ट में कहा, 'इंदौर में पानी नहीं, जहर बंटा और प्रशासन कुंभकर्णी नींद में रहा। घर-घर मातम है, गरीब बेबस हैं - और ऊपर से नेताओं के अहंकारी बयान। जिनके घरों में चूल्हा बुझा है, उन्हें सांत्वना चाहिए थी; सरकार ने घमंड परोस दिया। लोगों ने बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की - फिर भी सुनवाई क्यों नहीं हुई?

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

राहुल गांधी ने सवाल उठाते हुए कहा, 'सीवर पीने के पानी में कैसे मिला? समय रहते सप्लाई बंद क्यों नहीं हुई? जिम्मेदार अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? ये फोकट सवाल नहीं – ये जवाबदेही की मांग है। साफ पानी एहसान नहीं, जीवन का अधिकार है और इस अधिकार की हत्या के लिए इखढ का डबल इंजन, उसका लापरवाह प्रशासन और संवेदनहीन नेतृत्व पूरी तरह ज़िम्मेदार है। मध्यप्रदेश अब कुप्रशासन का एपिसेंटर बन चुका है – कहीं खांसी की सिरप से मौतें, कहीं सरकारी अस्पताल में बच्चों की जान लेने वाले चूहे, और अब सीवर मिला पानी पीकर मौतें। और जब–जब गरीब मरते हैं, मोदी जी हमेशा की तरह खामोश रहते हैं।'

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले– 11 साल से देश डबल इंजन की डींगे सुन रहा है

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में खरगे ने लिखा, 'जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान का ढिंढोरा पीटने वाली प्रधानमंत्री मोदी हमेशा की तरह इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर मौन हैं।' खरगे ने लिखा, 'इंदौर के पास सबसे साफ शहर का खिताब है, लेकिन भाजपा के निकम्मेपन के चलते लोग साफ पानी के मोहताज हैं।'

खरगे ने बिफरते हुए लिखा, 'देश 11 साल से खोखले दावे और डबन इंजन की डींगे सुन रहा है। जब मंत्री जी से सवाल पूछा जाता है तो वे गाली गलौज पर उतर आते हैं। उल्टा पत्रकार पर हावी हो जाते हैं। जल जीवन मिशन समेत हर योजना में भ्रष्टाचार और धांधली है। मोदी सरकार देश को न साफ पानी मुहैया करा पा रही है और न ही स्वच्छ हवा। आम जनता भुगत रही है।'

# वैवाहिक विवाद में आपराधिक कानून बदले का औजार नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वैवाहिक विवाद में पति का पत्नी पर आर्थिक प्रभुत्व अपने आप में क्रूरता नहीं माना जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि आपराधिक मामलों का इस्तेमाल निजी बदले के लिए नहीं होना चाहिए। वैवाहिक विवादों से जुड़े मामलों में एक अहम टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पति का पत्नी पर आर्थिक या वित्तीय प्रभुत्व अपने आप में क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता। शीर्ष अदालत ने कहा कि आपराधिक मुकदमेबाजी को निजी बदले या हिसाब चुकता करने का जरिया नहीं बनने दिया जा सकता। यह टिप्पणी अदालत ने एक ऐसे मामले में की, जहां पति के खिलाफ क्रूरता और दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया गया था।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने पति की अपील स्वीकार करते हुए उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया। इससे पहले तेलंगाना हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले को पलटते हुए कहा कि लगाए गए आरोप कानूनी कसौटी पर खरे नहीं उतरते।

## क्रूरता की परिभाषा पर अदालत की टिप्पणी

पीठ ने कहा कि पत्नी द्वारा लगाए गए आरोपों में पति का आर्थिक प्रभुत्व जरूर बताया गया है, लेकिन इससे किसी ठोस मानसिक या शारीरिक नुकसान का प्रमाण नहीं मिलता। अदालत ने कहा कि भारतीय समाज में अक्सर घरों में पुरुष वित्तीय मामलों में नियंत्रण रखते हैं, लेकिन केवल इसी आधार पर आपराधिक क्रूरता का मामला नहीं बनता। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि खर्च का हिसाब मांगना या पैसों के उपयोग की जानकारी लेना अपने आप में क्रूरता नहीं है।

## दैनिक वैवाहिक खटपट और कानून

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पति–पत्नी के बीच खर्चों को लेकर विवाद या तकरार विवाह के दैनिक उतार–चढ़ाव का हिस्सा हो सकता है। ऐसे मामलों को भारतीय दंड संहिता की धारा 498A के तहत क्रूरता नहीं माना जा सकता। अदालत ने चेतावनी दी कि वैवाहिक मामलों में आरोपों की गहन जांच जरूरी है, ताकि कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग न हो और न्याय का हनन न हो।

## अदालत ने अपने आदेश में क्या कहा

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पति पर लगाए गए क्रूरता, मानसिक उत्पीड़न और चोट पहुंचाने के आरोप सामान्य और अस्पष्ट हैं तथा इनमें दुर्भावनापूर्ण मंशा दिखाई देती है। पीठ ने कहा कि पहले के न्यायिक फैसलों पर गौर करने के बाद यह साफ है कि पति के खिलाफ कोई भी अपराध साबित नहीं होता। शीर्ष अदालत ने यह भी साफ किया कि इस फैसले में की गई टिप्पणियां पति-पत्नी के बीच चल रहे अन्य वैवाहिक या दीवानी मामलों को प्रभावित नहीं करेंगी। ऐसे सभी मामले अपने तथ्यों और कानून के अनुसार अलग-अलग तय किए जाएंगे।

# दिल्ली-एनसीआर की हवा में सुधार ग्रेप स्टेज-3 प्रतिबंध हटाए गए



**नई दिल्ली।** सीएक्यूएम ने स्पष्ट किया है कि ग्रैप के स्टेज-एक और स्टेज-दो के तहत लागू सभी उपाय एनसीआर में पहले की तरह जारी रहेंगे। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। जहां बीते दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 380 रिकॉर्ड किया गया था, वहीं आज शाम 4 बजे यह घटकर 236 पर पहुंच गया, जिससे हवा की गुणवत्ता में लगातार सुधार का रुझान देखने को मिला है।

पूरे एनसीआर में लागू हुआ आदेश मौजूदा वायु गुणवत्ता के रुझान को ध्यान में रखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ग्रैप उप-समिति ने बड़ा फैसला लिया है। उप-समिति ने पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में तत्काल प्रभाव से ग्रैप के स्टेज-तीन के तहत लागू सभी प्रतिबंधों को वापस लेने का निर्णय किया है।

## तेज हवाओं ने जहरीली फिजा से पहुंचाई हल्की राहत, खराब श्रेणी हवा दर्ज

राजधानी में नए साल के दूसरे दिन लोगों को जहरीली फिजा से हल्की राहत मिली है। हवा की दिशा बदलने और गति तेज होने के चलते शुक्रवार को बयार खराब श्रेणी में पहुंच गई। ऐसे में सुबह की शुरूआत धुंध और कोहरे की मोटी परत से हुई। वहीं, पूरे दिन आसमान में स्मॉग की मोटी चादर भी दिखाई दी। इसके चलते कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 236 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें गुरुवार की तुलना में 144 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई।

## हवा की गुणवत्ता पर रखी जा रही नजर

हालांकि, सीएक्यूएम ने स्पष्ट किया है कि ग्रैप के स्टेज–एक और स्टेज–दो के तहत लागू सभी उपाय एनसीआर में पहले की तरह जारी रहेंगे। अधिकारियों के अनुसार, हवा की गुणवत्ता पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर आगे भी आ वश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# राज्यमंत्री सहित विधायकों ने सीएम को पत्र लिखकर की मांग, आयु सीमा में तीन साल की छूट दें

**लखनऊ।** यूपी सरकार के राज्यमंत्री व विधायकों ने सीएम योगी को पत्र लिखकर पुलिस भर्ती में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन साल छूट देने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश पुलिस में 32,679 पदों पर होने वाली भर्ती के लिए जारी किए गए विज्ञापन के बाद सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी सरकार से आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने की मांग कर रहे हैं। इन अभ्यर्थियों के समर्थन में अब यूपी सरकार के राज्य मंत्री व एनडीए विधायकों ने भी आवाज उठाई है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन साल की छूट देने की मांग की है।

इस संबंध में राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार, निषाद पार्टी के विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी और भाजपा के हैदरगढ़ से विधायक दिनेश रावत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। अनिल त्रिपाठी ने सीएम योगी को लिखे गए अपने पत्र में कहा कि इस प्रकरण में 18 नवंबर 2025 को गोरखपुर के जनता दरबार में आपने वादा किया था




कि अभ्यर्थियों को तीन साल की छूट दी जाएगी पर भर्ती की विज्ञप्ति जारी होने के बाद छूट प्रदान नहीं की गई है। वहीं, प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार व भाजपा विधायक दिनेश रावत ने भी पत्र लिखकर अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में छूट देने की मांग की है।

इसके पहले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर बयान जारी कर अभ्यर्थियों का समर्थन किया था। उन्होंने अपने बयान में कहा कि भाजपा सरकार की खामियों के कारण अनियमित हुई पुलिस भर्ती और उसकी वजह से ओवरएज हो गये अभ्यर्थियों को उम्र की छूट देकर, उप्र सरकार नव वर्ष का तोहफा दे!

भाजपा सरकार की लचर और दोषपूर्ण भर्ती प्रक्रिया का खामियाजा बेरोजगार युवा क्यों भुगतें। हम पुलिस भर्ती के हर अभ्यर्थी की माँग के साथ हैं।

# कब्रिस्तान की जमीन पर अतिक्रमण में 48 लोगों को नोटिस

## जामा मस्जिद क्षेत्र में प्रशासन की कार्रवाई

**संभल।** संभल में जामा मस्जिद से सटे कब्रिस्तान की भूमि पर कथित अतिक्रमण के मामले में प्रशासन ने 48 लोगों को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है। 30 दिसंबर को भारी सुरक्षा के बीच हुई पूरे क्षेत्र में नापजोख की गई थी। जवाब संतोषजनक न होने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

विवादित जामा मस्जिद श्री हरिहर मंदिर क्षेत्र से सटी कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध अतिक्रमण के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। इस संबंध में 48 लोगों को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है।

अधिकारियों के अनुसार, कोटपूर्वी इलाके में स्थित इस भूमि की पैमाइश 30 दिसंबर को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कराई गई थी। यह कार्रवाई कब्रिस्तान की जमीन पर मकान और दुकानों के अवैध निर्माण की शिकायत मिलने के बाद की गई थी। नाप-जोख के दौरान राजस्व विभाग की टीम ने कथित अतिक्रमण की स्थिति का आकलन किया। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जांच में 48 लोग अनधिकृत रूप से भूमि पर कब्जा किए पाए गए, जिन्हें शुक्रवार को नोटिस सौंपे गए हैं। सभी को 15 दिन के भीतर अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया है। जवाब मिलने के बाद उनकी विधिक जांच की जाएगी। यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया तो प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा।



तहसीलदार ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट में 22 मकान और दुकानों का जिक्र था लेकिन मौके पर कई परिवार निवास करते मिले। इसी कारण प्रत्येक कब्जाधारी को अलग-अलग नोटिस जारी किया गया। इससे इसकी संख्या बढ़कर 48 हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, शिकायत में बताया गया है कि प्लॉट संख्या 32/2 की लगभग 4780 वर्ग मीटर भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। माना जा रहा है कि यह अतिक्रमण 60 से 65 वर्ष पुराने हैं।

इसी तथ्य को स्पष्ट करने के लिए राजस्व विभाग ने भूमि मापन की प्रक्रिया पूरी की है। प्रशासन ने साफ किया है कि पूरी कार्रवाई कानून के दायरे में रहकर की जा रही है।

# कर्नाटक सरकार के सर्वे में ईवीएम हुई पास बीजेपी ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार की एजेंसी के सर्वे में ईवीएम पर जनता की ओर से मजबूत भरोसा जताए जाने के बाद भाजपा और शिवसेना ने कांग्रेस और सांसद राहुल गांधी पर पलटवार किया है। 5100 लोगों और 102 विधानसभा क्षेत्रों में किए गए सर्वे में अधिकांश लोगों ने ईवीएम पर भरोसा जताया।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने 2024 के लोकसभा चुनाव पर सर्वे में ईवीएम पर जनता ने मजबूत भरोसा दिखाया है। राज्य सरकार की एजेंसी का सर्वे के सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया, जिन्होंने चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए थे।



सर्वे का शीर्षक 'नागरिकों के ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यवहार पर किए गए अंतिम सर्वे का मूल्यांकन' था। इसमें 83.61 फीसदी प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें ईवीएम पर भरोसा है। कुल मिलाकर 69.39 फीसदी प्रतिभागियों ने माना कि ईवीएम सही नतीजे देती है, जबकि 14.22 फीसदी ने इस बात से पूरी तरह सहमति जताई। यह सर्वे 5,100 प्रतिभागियों के बीच 102 विधानसभा क्षेत्रों में किया गया। इसमें बंगलूरू, बेलगावी, कलबुर्गी और मैसूर प्रशासनिक क्षेत्रों को शामिल किया गया। आंकड़ों में सबसे अधिक भरोसा कलबुर्गी में देखा गया, जहां 83.24 फीसदी ने सहमति और 11.24 फीसदी ने पूरी सहमति जताई कि ईवीएम भरोसेमंद हैं। मैसूर में 70.67 फीसदी ने सहमति और 17.92 फीसदी ने पूर्ण सहमति जताई। बेलगावी में 63.90 फीसदी ने सहमति और 21.43 फीसदी ने पूरी सहमति जताई। बंगलूरू में पूर्ण सहमति सबसे कम 9.28 फीसदी रही। हालांकि 63.67 फीसदी ने सहमति जताई। बंगलूरू में तटस्थ मत सबसे अधिक 15.67 फीसदी रहे।

## भाजपा ने किया पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई बार भाजपा और केंद्रीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पर ईवीएम में हेराफेरी और 'वोट चोरी' का आरोप लगाया है। इस सर्वे के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने एक्स पर लिखा, वर्षों से राहुल गांधी पूरे देश में यही कहानी सुनाते रहे हैं कि भारत का लोकतंत्र 'खतरे' में है, ईवीएम 'अविश्वसनीय' हैं और हमारे संस्थानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। लेकिन कर्नाटक ने बिल्कुल अलग कहानी बताई है। भाजपा ने कहा कि राज्यव्यापी सर्वे ने यह दिखाया कि लोग चुनाव, ईवीएम और भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस के मुंह पर 'एक तमाचा' है।

# पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की जमानत अर्जी पर सुनवाई टली, जेल में अनशन पर बैठे

**देवरिया।** अधिवक्ता प्रवीण द्विवेदी का कहना है कि अमिताभ ठाकुर ने गुरुवार से जेल में अनशन शुरू कर दिया है। वह खाना नहीं खा रहे हैं। अधिवक्ता का कहना है कि अमिताभ ठाकुर अपनी गिरफ्तारी के समय के वीडियो फुटेज की मांग को लेकर अनशन कर रहे हैं।



पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की जमानत अर्जी पर सिविल कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। इसमें वकीलों ने कोर्ट के समक्ष मुकदमे से जुड़े कई सवाल उठाए। वहीं सुनवाई के समय विवेचक की अनुपस्थिति के चलते कोर्ट ने शनिवार को दोबारा सुनवाई का आदेश जारी कर दिया। अब शनिवार को फिर से जमानत अर्जी पर सुनवाई होगी। इस दौरान अमिताभ ठाकुर को फिर से कोर्ट में उपस्थित रहेंगे। इंडस्ट्रियल इस्टेट पुरवां में पत्नी के नाम में हेरफेर कर जमीन आवंटन के आरोप का सामना कर रहे अमिताभ ठाकुर की जमानत अर्जी पर सीजेएम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में विवेचक ने केस डायरी और मामले से जुड़े अन्य कागजात एक कांस्टेबल के जरिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस पर कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी कागजातों के साथ विवेचक को स्वयं कोर्ट में उपस्थित होने को कहा। इसके बाद जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए शनिवार का दिन तय कर दिया। अब शनिवार को दोबारा सुनवाई होगी।

वहीं अमिताभ ठाकुर की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता प्रवीण द्विवेदी और अभिषेक शर्मा ने कोर्ट के समक्ष जमानत के पक्ष में अपनी दलील प्रस्तुत किया। दोनो अधिवक्ताओं ने कोर्ट से कहा कि प्रकरण 1999 का है। इस मामले में विवेचक के पास अपने मुकदमे के समर्थन में ठोस साक्ष्य नहीं हैं।

## जेल में अनशन पर अमिताभ ठाकुर


### गिरफ्तारी के समय के वीडियो फुटेज की मांग

अधिवक्ता प्रवीण द्विवेदी का कहना है कि अमिताभ ठाकुर ने गुरुवार से जेल में अनशन शुरू कर दिया है। वह खाना नहीं खा रहे हैं। अधिवक्ता का कहना है कि अमिताभ ठाकुर अपनी गिरफ्तारी के समय के वीडियो फुटेज की मांग को लेकर अनशन कर रहे हैं। उनका मानना है कि गिरफ्तारी के दौरान हुई घटनाओं के सही तथ्य सामने लाने के लिए ये वीडियो फुटेज आवश्यक हैं। जमानत अर्जी पर सुनवाई टलने और जेल के अंदर उनके अनशन की खबर ने इस पूरे मामले को सुर्खियों में ला दिया है। अब सभी की निगाहें शनिवार को होने वाली जमानत अर्जी की सुनवाई और उनके अनशन पर टिकी हैं, कि क्या उन्हें कोई कानूनी राहत मिलेगी या उनकी मांग पर कोई कार्रवाई होगी।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# नव वर्ष पर टूर लेकर निगम पार्षद दल पहुंचेगा सिद्ध बली के द्वार

## आज शिव चौक, शिव मंदिर से करेंगे पार्षद सिद्ध बली मंदिर दर्शन के लिए प्रस्थान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी के नेतृत्व में और पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष तथा पार्षद राजीव शर्मा की व्यवस्था में नगर निगम के पार्षद, मंडल अध्यक्ष और शहर विधायक एक साथ धार्मिक टूर के लिए नवयुग मार्किट में स्थित शिव मंदिर शिव चौक से प्रस्थान करेंगे। यह टूर पार्षद तथा निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी के नेतृत्व में नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। बड़ी बात ये है कि इस टूर में पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन बढ़ चढ़ कर आगे आयी है। इस टूर का संयोजक भाजपा की महिला पार्षद शीतल चौधरी को बनाया गया है। बहरहाल आज 3 जनवरी को पार्षदों का दल हर हर महादेव की गूंज क साथ शिव मंदिर में पूजन अर्चन के बाद कोर्टद्वार सिद्धबली मंदिर के लिए प्रस्थान करेगा। पार्षदों का ये दल आज शनिवार को सुबह साढे सात बजे उत्तराखंड के लिए रवाना होगा।

### कुल्हड़ वाली चाय से होगी गुडमॉर्निंग और उत्तराखंड़ी टोपी से होगा स्वागत

**करंट क्राइम।** भगवागढ़ के पार्षद आज उत्तराखंड के लिए रवाना हो रहे हैं। टूर की शुरूआत नमस्ते नगर निगम के साथ होगी। गुडमॉर्निंग होगी कुल्हड की चाय के साथ और यहां चलने से पहले ब्रैड पकोड़ा और हलवे का इंतजाम है। पार्षद यहां से साढ़े सात बजे रवाना होंगे और सिद्धबली मंदिर पहुंचने पर मंदिर समिति की ओर से सभी पार्षदों का , मंडल अध्यक्षों का उत्तराखंडी टोपी पहनाकर स्वागत होगा।

### विशुद्ध रूप से धार्मिक है आयोजन और एक वर्ष से था हमारा प्लान : राजीव शर्मा



करंट क्राइम। पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष तथा वर्तमान पार्षद राजीव शर्मा ने टूर को लेकर चल रही सियासी अटकलों पर विराम लगाया। उन्होंने कहा कि इस टूर का ना तो निगम की राजनीति से कोई लेना देना है और ना ही किसी प्रकार की गुटबंदी जैसी कोई बात है। उन्होंने कहा कि यह विशुद्ध रूप से धार्मिक आयोजन है। नव वर्ष पर पार्षदों के साथ मंदिर में भजन , प्रार्थना, पूजन का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष से यह योजना बन रही थी कि गाजियाबाद के सभी पार्षद नव वर्ष पर सिद्धबली मंदिर जायेंगे।

### मैं लखनऊ नहीं गयी-धरने पर नहीं गयी तो टूर पर भी नहीं जाऊंगी : छाया त्यागी



करंट क्राइम। टूर को धार्मिक बताया जा रहा है और टूर का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। लेकिन यहां पर जब बात पार्षद दल की आ रही है तो फिर दल की नेता का मामला भी कहीं ना कहीं आ रहा है। कुछ पार्षद हैं जो मुखर होकर जा रहे हैं और कुछ पार्षद साईलेंट तरीके से अपना काम कर रहे हैं। निगम पार्षद और पार्षद दल के सचेतक अमित त्यागी आज नेहरूवर्ल्ड स्कूल में अपने पिता की स्मृति में हैल्थ कैम्प का आयोजन करा रहे हैं। वहीं भाजपा नेता संजय त्यागी की पत्नी और निगम पार्षद छाया त्यागी भी इस टूर से दूर हैं। उन्होंने कहा कि मैं सदन की सदस्य हूं और सदन के नेता पार्षद दल की नेता अगर टूर पर नहीं हैं तो फिर हमारा भी जाने का कोई सवाल नहीं है। पार्षद छाया त्यागी ने कहा कि यहां किसी से कोई विवाद नहीं है बस नैतिकता की बात है। मैं पार्षदो के दल के साथ लखनऊ भी नहीं गयी और मैं उस धरने से भी दूर रही जिसें पार्षद बैठे थे। उन्होंने कहा कि सदन का प्रोटोकॉल और मेयर का सम्मान सर्वोपरि है।

### किन पांच पार्षदों ने बांध ली है 11 रूपये की पुड़िया

**करंट क्राइम।** टूर जा रहा है और सीन कुछ ऐसा है कि कोई नहीं चलाता और तीर चल रहे हैं। राजनीति वाले कह रहे हैं कि पूरी तरह से धार्मिक टूर है। धर्म वाले उनका स्वागत कर रहे हैं क्योंकि मंदिर में गाजियाबाद से राजनीतिक लोग पहुंचे हैं। इनसबके बीच एक चर्चा उस पुड़िया की हो रही है जो पांच पार्षदों ने बांधी है। पुड़िया के साथ किसी 11 रूपये का जिक्र है और बताया ये जा रहा है कि ये पुड़िया सिद्धबली के चरणों में रखकर बुद्धि-शुद्धि की प्रार्थना होगी। इन पांच पार्षदों में कुछ नदिया के उस पार के हैं तो कुछ नदिया के इस पार के हैं। उनकी पुड़िया कितना असर करेगी ये समय बतायेगा।

### दो घंटे तक सिद्धबली मंदिर में संकीर्तन करेंगे भगवा पार्षद

करंट क्राइम। गाजियाबाद के पार्षद जब सिद्धबली मंदिर पहुचेंगे तो यहां उनके साथ शहर विधायक संजीव शर्मा भी होंगे। पांच मंडल अध्यक्ष भी होंगे। पार्षदों का स्वागत होगा, मंडल अध्यक्षों का स्वागत होगा, विधायक का स्वागत होगा और फिर स्वागत के बाद दो घंटे तक गाजियाबाद की भगवा टोली मंदिर प्रांगण में बैठकर संकीर्तन करेगी। इसका अनुमानित समय दोपहर 12 से 2 बताया गया है।

### धार्मिक टूर के बाद बनेगी निगम बोर्ड बैठक की योजना

करंट क्राइम। निगम के पार्षद सिद्धबलि मंदिर जा रहे हैं। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा के पार्षदों का ये दल जा रहा है। रूकने, ठहरने, खाने की व्यवस्था का इंतजाम निगम पार्षद और पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा के हाथ में है। यात्रा की संयोजक महिला पार्षद शीतल चौधरी हैं। टूर को लेकर भाजपा वाले ही अलग-अलग चर्चाएं कर रहे हैं। हालांकि आयोजक पूरी तरह से स्पष्ट कर चुके हैं कि यह टूर पूरी तरह से धार्मिक है। यह धार्मिक आयोजन है और इसका कोई राजनीतिक प्रयोजन नहीं है। सूत्र बताते हैं कि लैंसडाउन की इस यात्रा के बाद काफी मात्रा में निगम बोर्ड की प्लानिंग तैयार होगी। एक अनुमान है कि 15 जनवरी के बाद निगम की बोर्ड बैठक आयोजित हो सकती है। बोर्ड बैठक का कनैक्शन हाईकोर्ट के फैसले से भी जोड़ा जारहा है। वहीं सूत्र बताते हैं कि इस बार की बोर्ड बैठक में पार्षद एकता का नारा पूरे जोर से गूंजेगा। रोचक स्थिति ये रहेगी कि सदन में फ्लावर वाले पार्षद ही फायर वाले अंदाज में दिखाई देंगे।

# नए साल में गाजियाबादवासियों की सुविधाओं पर रहेगा फोकस

## 14 परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नव वर्ष के अवसर पर शहर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिटी मजिस्ट्रेट, सचिव जीडीए, बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा नगर निगम के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम द्वारा संचालित 14 प्रमुख परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए और अधिकांश कार्यों को आगामी छह माह के भीतर पूर्ण करने के लिए कहा।

नगर आयुक्त ने बताया कि निर्माण विभाग द्वारा सीएम ग्रिड फेज-2, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, विजयनगर कार्यालय, सेफ सिटी योजना के अंतर्गत 350 सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, कारकस प्लांट सहित अन्य निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही उद्यान विभाग से संबंधित उपवन योजना, बायोडायवर्सिटी पार्क तथा मियावाकी पद्धति को बढ़ावा देने के कार्यों में भी तेजी लाई जाएगी।

इसके अतिरिक्त एबीसी सेंटर के निर्माण, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, जलकल विभाग द्वारा बायो-सीएनजी प्लांट की स्थापना, विजयनगर क्षेत्र में गंगाजल आपूर्ति योजना तथा प्रकाश विभाग द्वारा 20 चार्जिंग स्टेशनों पर 100 चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने के कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त ने नए साल पर नागरिकों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके नगर निगम के कर्मचारियों को दें तथा शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग करें। बैठक में उपस्थित नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारियों ने चल रही परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का संकल्प लिया।

## पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने पत्र लिखकर उठा दिया फिर से सवाल

# मेयर स्पष्ट करें कि 20 प्रतिशत की छूट पुरानी दरों पर है या बढ़ी हुई दरों पर होगा टैक्स वसूल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स की दरों में वृद्धि हो गयी और इस वृद्धि को लेकर सरकार वाले पार्षद उलझ गये। मेयर ने कहा कि टैक्स जमा ना करें और फिर उन्होंने छूट की बात भी कही। भाजपा के ही पार्षद धरने पर बैठ गये, लखनऊ होकर आ गयै। भाजपा के ही पूर्व सीनियर पार्षद इस पूरे मामले को लेकर हाईकोर्ट चले गये। कोर्ट में 15 जनवरी को सुनवाई होनी है।

बोर्ड की बैठक भी संभवतः इसीलिए आगे आगे एक्सटेंशन ले रही है। नये साल के साथ ही हाउस टैक्स को लेकर एक बड़ा सवाल पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने उठा दिया। राजेन्द्र त्यागी ने मेयर को पत्र लिखा और पूछ लिया कि सम्पत्ति दरों में आपके द्वारा 20 प्रतिशत की छूट को 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दिया गया है। आपके द्वारा ये कहा गया है कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए यह छूट बढ़ाई जा रही है। लेकिन आपके द्वारा ये स्पष्ट नहीं किया गया है कि बढ़ाई गयी 20 प्रतिशत की छूट पुरानी दरों पर टैक्स जमा करने पर लागू होगी अथवा बढ़ी हुई दरों पर टैक्स जमा करने पर लागू होगी। अपने पत्र में पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने 30 जून की निगम बोर्ड बैठक का हवाल दिया और कहा कि 30 जून की बोर्ड बैठक में बढ़ी हुई दरों को निरस्त कर दिया गया था। जब बढ़ी हुई दरें निरस्त हो गयीं तो किस आधार पर नई दरों पर पूरे वित्तीय वर्ष 2025-2026 में बिल भेजे जा रहे थे। वर्तमान में भी बिल पूरी गति से भेजे जा रहे हैं। यह तो स्पष्ट रूप से नगर निगम बोर्ड के निर्णय की अवमानना है।

पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने अवमानना के लिए मेयर को जिम्मेदार बताया और पूछा है कि क्या अधिकारी आपकी नहीं सुनते। पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि नई दरों के मामले को कर दाताओं को स्पष्ट किया जाना चाहिए। जहां तक 20 प्रतिशत की छूट को बढ़ाने का प्रश्न है तो ये अधिकार केवल नगर निगम की कार्यकारिणी और बोर्ड को है। आपको इस तरह के फैसले लेने का कोई अधिकार नहीं है। जो 20 प्रतिशत की छूट हर महीने लगातार बढ़ रही है यह कर दाताओं के दबाव के कारण है। क्योंकि शहर के कर दाताओं ने बढ़ी हुई दरों पर सम्पत्ति कर जमा ना करने का फैसला लिया हुआ है। पूर्व पार्षद अपने पत्र में कई सवाल मेयर से पूछ रहे हैं। उन्होंने पत्र भी मेयर को लिखा है। और अब पूर्व पार्षद ने अपने पत्र में ये भी लिख दिया कि पार्टी जनाधार को लगातार नुकसान पहुंच रहा है।

अपना आंकलन खुद करने की बात कहीं है और ये कहा है कि जनप्रतिनिधि का पहला दायित्व जनता के हितों की रक्षा करना होता है। नई टैक्स दरों को लेकर उन्होंने लिखा कि नई दरों को लागू करने के प्रयास में आपकी भी मुख्य सहमति है। पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने अपने पत्र में टैक्स को लेकर सवाल उठाये हैं और मेयर की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल खड़ा किया है। खास बात ये है कि पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी भी भाजपा के हैं और मेयर भी भाजपा की हैं। ऐसे में जब निगम के इतने अनुभवी पूर्व पार्षद का ये पत्र सामने आया है तो विचित्र स्थिति पैदा हो गयी है, वो ये है कि क्या वास्तव में कोई धुलमुल नीति चल रही है या अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। बहरहाल पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी हाईकोर्ट में भी वादी हैं और 15 जनवरी को फैसला आना ही है।

## इन्दौर की घटना से सबक ले निगम और बताये यहां पानी का हाल

# कब लिये गये थे पानी के नमूने और क्या आयी थी उनकी रिपोर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इन्दौर में पानी का कोहराम मचा और यहां वो निगम सीधे सीधे निशाने पर आ गया जिस नगर निगम के मॉडल पर चलने की बात कभी गाजियाबाद नगर निगम ने कही थी।

यहां कहा गया था कि अगर हम आये तो गाजियाबाद नगर निगम को इन्दौर की तरह बनायेंगे। लेकिन अब जब इन्दौर का ये हाल सामने आया है तो यहां पूर्व पार्षद तथा पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल ने एक बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि इन्दौर जैसी घटना गाजियाबाद में ना हो इसे सुनिश्चत किया जाना चाहिए। उन्होंने गाजियाबाद के पानी को लेकर सवाल उठा दिया। ये पूछा गया है कि नगर निगम बताये कि गाजियाबाद में पानी के नमूने कब लिये गये थे।

इन नमूनों की क्या रिपोर्ट आयी थी इसे सार्वजनिक किया जाये। पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य ने कहा कि गाजियाबाद के कुछ रिहायशी ईलाकों में पीने के पानी की गुणवत्ता की कड़ी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरठ रोड औद्योगिक एरिये में कई फैक्ट्रीयां कैमिकल का पानी सीधे जमीन में डालती हैं और इस पानी से कितने नुकसान हुआ है ये लोहिया नगर और लाल क्वार्टर का ईलाका बता सकता है।



यहां हैन्डपम्पों पर बोर्ड लगे थे कि इन हैन्डपम्प का पानी ना पियें। कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में कई फैक्ट्रीयां है जो कैमिकल का पानी जमीन में डालती हैं। औद्योगिक क्षेत्र का पानी पीने लायक नहीं बचा है और इसकी जांच होनी चाहिए। इन क्षेत्रों में रहने वाले गरीब मजदूर हैं और वो आरओ पानी पानी भी नहीं खरीद सकते। नगर निगम को स्पष्ट करना चाहिए कि यहां पानी के नमूलन कब लिये गये थे। उन्होंने कहा कि 500 से अधिक टीडीएस का पानी पीने योग्य नहीं होता है और अगर जांच करा ली जाये तो कविनगर और आसपास के इलाकों के पानी का टीडीएस 450 निकलेगा।

उन्होंने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए ये जरूरी है कि यहां के हैन्डपम्पों का पानी चैक किया जाये। उन्होंने कहा कि यह मुददा राजनीति का नहीं है और यह मुददा किसी पर दोषारोपण का भी नहीं है। यह मुददा नगर निगम की सीमा में रहने वाले लाखों लोगों के हैल्थ से जुड़ा मुददा है उनकी जान से जुड़ा मुददा है और अगर नगर निगम 4 गुना कर वसूल रहा है तो उसे नागरिकों को शुद्ध पेय जल भी उपलब्ध कराना होगा।

# आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ी पर बवाल

## नंदकिशोर गुर्जर ने शाहरुख खान की टीम पर उठाए सवाल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आईपीएल में अभिनेता शाहरुख खान की टीम द्वारा बांग्लादेशी खिलाड़ी मतफिजुल रहमान को नीलामी में खरीदे जाने और उनके भारत में खेलने की इच्छा सामने आने के बाद सियासी विवाद गहराता नजर आ रहा है। इस मुद्दे पर गाजियाबाद से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस फैसले को दुखद बताते हुए कहा कि इससे देशभर में आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश

> “विधायक ने शाहरुख खान की टीम के बहिष्कार की अपील करते हुए कहा कि सभी वर्गों को इस फैसले का विरोध करना चाहिए।

में हिंदुओं पर अत्याचार के मामलों के बीच किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को भारत में खेलने का अवसर देना गलत है।

विधायक ने शाहरुख खान और उनकी टीम के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि ऐसे खिलाड़ी को भारत की जमीन पर खेलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

नंदकिशोर गुर्जर ने शाहरुख खान पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह भारत की जनता का पैसा ऐसे व्यक्ति पर खर्च कर रहे हैं, जिसके देश में हिंदुओं पर अत्याचार के आरोप लगते रहे हैं।




उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संबंधित खिलाड़ी को भारत में खेलने दिया गया तो इसका देशभर में विरोध किया जाएगा।

विधायक ने शाहरुख खान की टीम के बहिष्कार की अपील करते हुए कहा कि सभी वर्गों को इस फैसले का विरोध करना चाहिए।

उनके बयान के बाद यह मामला राजनीतिक और सामाजिक बहस का विषय बन गया है। फिलहाल आईपीएल फ्रेंचाइजी या शाहरुख खान की ओर से इस विवाद पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# मोबाइल से खुला रिटायर्ड एयरफोर्स अफसर की हत्या का राज

## सिपाही भी निकला कातिल, आरोपी पहले कर चुका है 8 हत्याएं

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोनी थाना क्षेत्र में एयरफोर्स के सेवानिवृत्त अफसर योगेश कुमार की हत्या का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। 26 दिसंबर को योगेश की घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच में सामने आया कि इस वारदात को अंजाम देने के लिए मृतक के बेटों ने ही सुपारी दी थी, जबकि हत्या में एक पुलिस कॉन्स्टेबल की भी संलिप्तता पाई गई है।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि इस मामले में अशोक विहार, लोनी निवासी अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया गया है। अरविंद मूल रूप से बुलंदशहर के औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव बरारी का रहने वाला है और वर्तमान में लोनी में खलचूरी की दुकान चलाता है।

पुलिस पूछताछ में अरविंद ने बताया कि मृतक योगेश से उसके परिजन परेशान थे। योगेश शराब पीकर गाली-गलौज करता था और गली में कुत्तों को खाना खिलाने को



### पहले भी कर चुका है आठ हत्याएं

करंट क्राइम। एसीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अरविंद शातिर किस्म का अपराधी है। वह वर्ष 2008 में नाबालिग रहते हुए अपने पिता के साथ मिलकर चाचा सहित परिवार के आठ लोगों की हत्या कर चुका है। इस मामले में अरविंद जमानत पर बाहर है, जबकि उसके पिता को अदालत ने पहले फांसी की सजा सुनाई थी, जिसे बाद में आजीवन कारावास में बदल दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है और फरार सिपाही की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

लेकर भी वह अरविंद से विवाद करता था, जिससे दोनों के बीच रंजिश थी। इसी दौरान योगेश के बेटे नितीश और गुड्डू ने अपनी परेशानी अरविंद को बताई, जिसके बाद उसने हत्या की साजिश में शामिल होने की हामी भर दी। योगेश की हत्या के लिए पांच लाख रुपये की सुपारी तय की गई थी, जिसे पिता की हत्या के बाद उनके बैंक खाते से निकालकर देने की योजना बनाई गई थी।

### मृतक के मोबाइल फोन से हुआ खुलासा

करंट क्राइम। एसीपी ने बताया कि योगेश कुमार करीब पांच माह पूर्व एयरफोर्स से वारंट अफसर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। हत्या के बाद उनके बड़े बेटे नितीश ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन खंगाला, जिससे कई अहम जानकारियां सामने आईं। मोबाइल जांच में पता चला कि योगेश के कई महिलाओं से अवैध संबंध थे। वह घर के खर्च के लिए भी पैसे नहीं देते थे और मकान बेचने की योजना बना रहे थे। इसके लिए वह पत्नी और दोनों बेटों पर घर खाली करने का दबाव बना रहे थे। पिता की अय्याशी और मकान बेचने की धमकी से परेशान होकर दोनों बेटों ने पड़ोसी अरविंद के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

### छुट्टी पर आए सिपाही की भी भूमिका

करंट क्राइम। एसीपी लोनी ने बताया कि अरविंद का जीजा नवीन, यूपी पुलिस में कॉन्स्टेबल है और वर्तमान में कौशांबी जिले के पुलिस मीडिया सेल में तैनात है। नवीन छुट्टी पर लोनी आया हुआ था और अरविंद के कहने पर हत्याकांड में शामिल हो गया। दोनों ने मिलकर योगेश को एक-एक गोली मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, छुट्टी समाप्त होने के बाद नवीन ड्यूटी पर वापस नहीं पहुंचा, जिसके चलते उसे लाइन हाजिर कर दिया गया है। फिलहाल वह फरार चल रहा है और उसकी तलाश जारी है।

## संपादकीय

# स्विट्जरलैंड में भीषण आग

स्विट्जरलैंड के क्रांस मोंटाना में नए साल के जश्न के दौरान भीषण आग लगने से सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए। यह हादसा भीड़भाड़ वाले पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन की आवश्यकता को उजागर करता है। छोटी सी चूक भी भारी पड़ सकती है, इसलिए पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। नए साल का जश्न आमतौर पर उम्मीद, उल्लास और नई शुरूआत का प्रतीक होता है। लेकिन, स्विट्जरलैंड के क्रांस मोंटाना के एक प्रसिद्ध स्की रिजॉर्ट में हुए हादसे ने जश्न को त्रासदी में बदल दिया है। भीषण आग ने सैकड़ों परिवारों को वर्ष के पहले दिन ही ऐसी पीड़ा दी, जिसे वे कभी भुला नहीं पाएंगे। अधूरी जानकारी ये लाइनें लिखे जाने तक इस हादसे को लेकर बहुत कुछ संशय में था। नहीं पता कि आग कैसे लगी, कितने लोग मारे गए, मौके पर कितने मौजूद थे और मरने वालों की पहचान क्या है। जांच अधिकारियों के बयानों से लगता है कि इसमें अभी लंबा समय लगेगा। शुरूआत में इसे आतंकी वारदात भी माना जा रहा था, लेकिन अधिकारियों ने इससे इनकार किया है। फिर भी इतना बड़ा हादसा कई सवाल छोड़ जाता है।

सख्त मानक यह घटना बताती है कि भीड़भाड़ वाले टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन की कितनी सख्त जरूरत है। पिछले महीने गोवा के एक नाइट क्लब में लगी आग में कई लोगों की मौत हो गई थी। वहां लोगों को बाहर निकलने का रास्ता ही नहीं मिला और ऐसा ही कुछ क्रांस मोंटाना में भी सामने आ रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि बचाव का मौका नहीं मिल पाया।

गलती की गुंजाइश नहीं जांच आगे बढ़ने पर कई और बातें पता चलेंगी, लेकिन यह घटना बताती है कि पर्यटन स्थलों पर छोटी-सी चूक भी कितनी भारी पड़ सकती है। बताया जा रहा है कि बार की क्षमता 300 थी और हादसे के समय वह फुल था। मौके पर अगर पर्याप्त सुरक्षा उपाय होते, भीड़ को नियंत्रित किया जाता और क्षमता के अनुसार लोगों की ही एंट्री होती, तो शायद इतना नुकसान होने से रोका जा सकता था। सुरक्षा सबसे ऊपर क्रांस मोंटाना हो या दुनिया का कोई और शहर – ये हादसे सभी के लिए सबक हैं। पर्यटन उद्योग में अक्सर मौकों को भुनाने की होड़ लगी रहती है। क्रिसमस से लेकर न्यू ईयर तक – कमाई का एक बढ़िया सीजन है। लेकिन, इसके साथ ही पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भी निवेश किए जाने की जरूरत है। जागरूकता जरूरी। जांच और उसके बाद एक्शन, यह तो होना ही है, पर इससे भी ज्यादा जरूरी है कमियों का उजागर होना और उनसे सीखना। सही सीख लेकर ही उम्मीद कर सकते हैं कि फिर ऐसी दर्दनाक खबर से वास्ता नहीं पड़ेगा।

# 2026 में खर्च बढ़ाने को तैयार भारतीय 60% उपभोक्ताओं का भरोसा मजबूत



**नई दिल्ली।** नुवामा रिपोर्ट के अनुसार भारत नए साल में सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार बनकर उभरा है। 60% भारतीय अगले छह महीनों में घरेलू खर्च बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। भारत नए साल में सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में उभर रहा है, जिसमें भारतीयों में घरेलू खर्च करने के इरादे में मजबूत बढ़ोतरी हुई है। खास बात है कि खर्च को लेकर आत्मविश्वास का स्तर कई प्रमुख देशों की तुलना में ज्यादा है। नुवामा की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब 60 फीसदी भारतीय उपभोक्ताओं को उम्मीद है कि वे अगले छह महीनों में अपना घरेलू खर्च बढ़ाएंगे। खर्च करने की यह इच्छा उपभोक्ताओं के बढ़ते आत्मविश्वास और बेहतर आर्थिक स्थितियों की उम्मीदों को स्पष्ट दिखाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, व्यापक तौर पर देखें तो मजबूत आर्थिक वृद्धि, महंगाई में राहत, औद्योगिक गतिविधियों में तेजी और आय वृद्धि के दम पर भारतीय उपभोक्ता घरेलू खर्च को लेकर आशावद के मामले में प्रमुख देशों से काफी आगे हैं। इनमें शुद्ध आशावाद का स्तर 27 फीसदी है, जबकि वैश्विक औसत शून्य से नीचे 12 फीसदी है। इस मामले में चीन सबसे आगे है, जहां उपभोक्ता घरेलू खर्च बढ़ाने को लेकर आश्वस्त हैं। भारत इस मामले में दूसरे स्थान पर है।

### अच्छे दिन आने की उम्मीद, पर मंदी की भी चिंता

करीब 61 फीसदी भारतीय उपभोक्ताओं का मानना है कि आगे भी अच्छे दिन आएंगे। हालांकि, 34 फीसदी को बड़े पैमाने पर बेरोजगारी या मंदी आने की आशंका है। 17 फीसदी का कहना है कि कई देशों में तनाव और अन्य राजनीतिक घटनाओं से भारत की वृद्धि दर धीमी हो सकती है, जो चीन के बाद दूसरा सबसे कम स्तर है। इसके उलट, यूके, फ्रांस और जर्मनी के 60 फीसदी लोगों में वृद्धि दर घटने की आशंका है।

### स्नैक्स और सॉफ्ट ड्रिंक्स पर कम खर्च की योजना

वाहन, मोबाइल फोन और घर के किराये जैसी लंबी अवधि वाली एवं जरूरी कैटेगरी के लिए खर्च करने का इरादा ज्यादा मजबूत बना हुआ है। इसके उलट, पैक्ड स्नैक्स और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसी रोजाना इस्तेमाल होने वाली कैटेगरी के लिए इरादा तुलनात्मक रूप से कम है। यह रोजाना के खर्च के लिए ज्यादा सोच-समझकर और मूल्य आधारित अप्रोच दिखाता है।

### नई कारें खरीदने पर सर्वाधिक खर्च करेंगे लोग

भारतीय उपभोक्ता जिन मोर्चों पर सर्वाधिक खर्च करना चाहते हैं, उनमें गाड़ियां सबसे आगे हैं। 70 फीसदी भारतीय उपभोक्ता नई कारें खरीदने के लिए सबसे ज्यादा खर्च करने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद 63 फीसदी उपभोक्ता स्मार्टफोन और मोबाइल प्लान पर खर्च बढ़ाने की तैयारी में हैं। एक तिहाई भारतीय उपभोक्ता कुल मिलाकर ज्यादा खर्च करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें गैर-जरूरी खरीदारी मुख्य वजह बनकर उभरी है। गैर-जरूरी खर्च करने के इरादे का यह स्तर सभी रिकॉर्ड किए गए बाजारों में सबसे ज्यादा है।

# ईडी ने उद्योगपति एस पी ओसवाल से ठगी मामले में दूसरा आरोपी किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने उद्योगपति एस पी ओसवाल से सात करोड़ रुपये की ठगी मामले में कानपुर से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह इस मामले में दूसरी गिरफ्तारी है। फिलहाल अदालत ने आरोपी को पांच जनवरी तक हिरासत में भेजा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को जानकारी दी कि लुधियाना के मशहूर उद्योगपति एस पी ओसवाल से जुड़े 'डिजिटल अरेस्ट' और धन शोधन मामले में दूसरी गिरफ्तारी हुई है। जांच एजेंसी ने कानपुर में छापेमारी के बाद 31 दिसंबर को अर्पित राठौर को हिरासत में लिया।



**मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार :** जांच में पता चला कि अर्पित राठौर ने न केवल ओसवाल को बल्कि कई अन्य निर्दोष लोगों को भी साइबर ठगी का शिकार बनाया था। तलाशी के दौरान अधिकारियों ने उसके पास से कुछ डिजिटल उपकरण और 14 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। जालंधर की एक विशेष अदालत ने आरोपी को पांच जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले एजेंसी ने 23 दिसंबर को असम से रूमी कलिता को पकड़ा था, जो अभी भी हिरासत में है।

यह मामला लुधियाना पुलिस की एफआईआर से जुड़ा है। अगस्त 2023 में ठगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर वर्धमान समूह के चेयरमैन ओसवाल को 'डिजिटल अरेस्ट' किया और उनसे सात करोड़ रुपये ठग लिए थे।

### आरोपियों ने की घटना को दिया है अंजाम

ईडी ने आरोप लगाया कि, इस काम के बदले वह क्रिप्टोकरेंसी और नकद रुपये लेता था। जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने अन्य लोगों से भी 1.73 करोड़ रुपये की ठगी की है। बता दें कि लगातार सामने आ रही इस तरह की घटनाओं के बाद सरकार ने लोगों को जागरूक किया है। वहीं ऐसी स्थिति में लोगों को तुरंत पुलिस या राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की अपील की है।

# 10 मिनट डिलीवरी पर बहस तेज जोमैटो उएड दीपेंद्र गोयल ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** गिग वर्कर्स की हड़ताल के बाद 10 मिनट डिलीवरी मॉडल पर बहस तेज हो गई है। इस बीच जोमैटो के सीईओ दीपेंद्र गोयल ने स्पष्ट किया कि यह प्रकिया राइडर्स पर दबाव नहीं डालती। यह नजदीकी स्टोर्स और मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर पर आधारित है। गिग वर्कर्स यूनियन की 31 दिसंबर को बुलाई गई हड़ताल के बाद अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी और राइडर्स की सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। हालांकि, नए साल के मौके पर जोमैटो और ब्लिंकइट की सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहीं, लेकिन सोशल मीडिया पर यह बहस छिड़ गई कि क्या 10 मिनट की डिलीवरी का वादा राइडर्स की जान जोखिम में डालता है।



इन सवालों का जवाब देने के लिए जोमैटो के सीईओ दीपेंद्र गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विस्तार से अपनी बात रखी। गोयल ने स्पष्ट किया कि 10 मिनट की डिलीवरी का मॉडल राइडर्स पर दबाव डालकर नहीं, बल्कि इन्फ्रास्ट्रक्चर की मजबूती से काम करता है। उन्होंने बताया कि यह संभव इसलिए है क्योंकि उनके स्टोर ग्राहकों के घर के बेहद करीब स्थित हैं। गोयल ने लिखा, राइडर्स के ऐप में कोई टाइमर नहीं होता और न ही उन्हें यह पता होता है कि ग्राहक को डिलीवरी का क्या समय बताया गया है। हम राइडर्स को तेज गाड़ी चलाने के लिए नहीं कहते।

### बीमा और करियर को लेकर स्पष्टीकरण

सुरक्षा के मुद्दे पर गोयल ने कहा कि सभी डिलीवरी पार्टनर्स का मेडिकल और लाइफ इंश्योरेंस होता है। साथ ही, डिलीवरी में देरी होने पर राइडर्स पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाता। गिग वर्क को करियर बनाने के सवाल पर गोयल ने बेबाकी से कहा कि यह एक 'अकुशल कार्य' है और इसे स्थायी नौकरी की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि सालाना 65% राइडर्स काम छोड़ देते हैं, जो यह साबित करता है कि लोग इसे अस्थायी तौर पर ही करते हैं।

# शेयर बाजार का नया इतिहास, निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर, सेंसेक्स 500 अंक उछला

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार ने साल के शुरूआती कारोबारी सत्रों में अपनी मजबूती का परिचय देते हुए शुक्रवार को एक नया इतिहास रच दिया। बैंकिंग, पावर और मेटल शेयरों में हुई चौतरफा खरीदारी के दम पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बीएसई सेंसेक्स में भी 500 अंकों से अधिक की बढ़त दर्ज की गई।



शुक्रवार को कारोबार के दौरान निफ्टी ने 26,340 अंक का नया इंट्रा-डे रिकॉर्ड बनाया। अंततः यह 182 अंक या 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,328.55 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 573.41 अंक या 0.67 प्रतिशत उछलकर 85,762.01 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के दौरान सेंसेक्स ने 85,812.27 का उच्च स्तर भी छुआ था। रुपया 90 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे फिसल गया। रुपया डॉलर के मुकाबले 22 पैसे गिरकर 90.20 (अस्थायी) पर स्थिर रहा।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, एशियाई बाजारों में आई तेजी और घरेलू संस्थागत निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही पूंजी की आमद ने बाजार को नई ऊंचाई पर पहुंचाने में मदद की। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रहे।

बाजार की इस तेजी के बावजूद आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में दबाव देखा गया और ये नुकसान के साथ बंद हुए। एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, संस्थागत निवेशकों की गतिविधि में भिन्नता देखी गई। गुरुवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 3,268.60 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार को सहारा देते हुए 1,525.89 करोड़ रुपये की खरीदारी की। स्थानीय निवेशकों का यही भरोसा बाजार को वैश्विक अस्थिरता के बीच मजबूती प्रदान कर रहा है।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक उल्लेखनीय तेजी के साथ बंद हुए। हालांकि, चीन और जापान के बाजार छुट्टी के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में भी सकारात्मक रुख देखा गया, जबकि अमेरिकी बाजार नए साल की छुट्टी के कारण गुरुवार को बंद थे।

कच्चे तेल की कीमतों में यह नरमी भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए सकारात्मक संकेत मानी जा रही है। गुरुवार को मामूली बढ़त के बाद शुक्रवार की यह रिकॉर्ड तेजी दशार्ती है कि बाजार में 'बुलिश' ट्रेंड अभी बरकरार है। निफ्टी का 26,300 के पार निकलना तकनीकी रूप से मजबूत संकेत है। आने वाले सत्रों में निवेशकों की नजर वैश्विक आर्थिक आंकड़ों और तिमाही नतीजों पर रहेगी, जो बाजार की अगली दिशा तय करेंगे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साँप हर साल 10,000 लोगों को मारते हैं।
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले प्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग की ठोकर एक मानव को मार सकती है। एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकतीं हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- चीन अध्ययन जो की 20 साल का अध्ययन था, जिसमें मांस खाने वालों और पौधों के खाने वालों की मृत्यु दर की तुलना की गई थी। उन्होंने पाया कि जिन देशों ने अधिक पशु–आधारित भोजन खाया है, वे पश्चिमी बीमारियों से अधिक मृत्यु दर की संभावना रखते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज आपकी सेहत पहले से ज्यादा अच्छी रहेगी। पार्टनर को आपकी मदद से फायदा हो सकता है। प्रेमी से कोई गिफ्ट मिल सकता है।

**वृष:** आशावादी बनें और अपने उजले पक्ष को देखें। आपका विश्वास और उम्मीद आपकी इच्छाओं व आशाओं के लिए नए दरवाजे खोल सकती हैं।

**मिथुन:** अपने कॉन्टैक्ट मजबूत करने का समय है। आज शांत रहें। अपने तन और मन पर ध्यान दें। जहां तक हो सके व्यावहारिक रहें।

**कर्क:** घर और संपत्ति से जुडे कार्यों में संभलकर चलने की सलाह है। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नए काम या जिम्मेदारियां मिलने की संभावनाएं हैं।

**सिंह:** लाभ लेने के लिए बड़ों को अपनी अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें।

**कन्या:** किसी नए काम की शुरूआत हो सकती है। ऐसा भी हो सकता है कि पुराने रुके काम फिर से शुरू हो जाए। ऑफिस में एक्स्ट्रा जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर होगा।

**वृश्चिक:** माता-पिता की मदद से आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आप को दूसरों को ठेस पहुंचाने जैसी बातों से दूर रहना चाहिए।

**धनु:** आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें।

**मकर:** कुछ रोचक और नए अवसर आज आपको मिल सकते हैं। आपकी ही राशि में चंद्रमा रहेगा। नई शुरूआत करनी होगी। आत्मविश्वास से काम करें।

**कुंभ:** आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।

**मीन:** कारोबार में वृद्धि के योग बन रहे हैं जिससे खूब धन लाभ होगा। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा।

## चुटकुले

रमेश, सुरेश से – जब घरवाले मुझपर गुस्सा करते हैं, तो मैं सबसे पहले...
अपना मोबाइल साइड में रख देता हूं, कहीं छीन न लें।

---

साइकिल वाले ने एक आदमी को टक्कर मार दी और बोला भाईसाहब आप बहुत किस्मत वाले हो।
आदमी– एक तो तूने मुझे टक्कर मारी और ऊपर से मुझे किस्मत वाला कह रहे हो?
साइकिल वाला– आज छुट्टी है तो साइकिल चला रहा हूं नहीं तो मैं ट्रक चलाता हूं।

---

डॉक्टर– यह सब कैसे हुआ?
घायल मरीज– एक लड़की ने मेरी टांग पर गाड़ी चढ़ा दी।
डॉक्टर– सड़क से दूर, फुटपाथ पर चलना चाहिए था ना।
घायल मरीज– मैं तो गार्डन में लेटा हुआ था।

## 03 01 2026 करंट क्राइम

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# हार्दिक-बुमराह को आराम, गिल संभालेंगे कमान!

## न्यूजीलैंड सीरीज के लिए कैसी होगी भारत की वनडे टीम

**मुंबई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में कई अहम बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कप्तान शुभमन गिल की वापसी तय मानी जा रही है, जबकि श्रेयस अय्यर अब भी अनफिट हैं। वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम मिल सकता है। चयनकर्ताओं के सामने बैकअप ओपनर, नंबर-चार बल्लेबाज और तेज गेंदबाजों को लेकर अहम फैसले लेने की चुनौती होगी।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान तीन या चार जनवरी को होने की संभावना है। इस सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ी नजर आएंगे, जबकि वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है।

कप्तान शुभमन गिल की वापसी लगभग तय

चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका दौरे पर वनडे नहीं खेल पाने वाले कप्तान शुभमन गिल न्यूजीलैंड सीरीज में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हुए थे, लेकिन इसके बाद टी20 में सफल वापसी कर चुके हैं। ऐसे में गिल के एक बार फिर वनडे टीम की कप्तानी संभालने की पूरी संभावना है।





### श्रेयस अय्यर की फिटनेस बनी चिंता

वनडे टीम के उप कप्तान श्रेयस अय्यर फिलहाल फिट नहीं हैं। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कंधे में चोट लगने के बाद से वे क्रिकेट से दूर हैं और बंगलूरू स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें अब तक फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं मिला है, जिससे न्यूजीलैंड सीरीज से उनका बाहर रहना लगभग तय माना जा रहा है।

### हार्दिक और बुमराह को मिल सकता है ब्रेक

लगातार क्रिकेट और इंजरी इतिहास को देखते हुए ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वनडे सीरीज से आराम दिया जा सकता है। दोनों खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप की योजना का अहम हिस्सा हैं और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### टॉप ऑर्डर और बैकअप ओपनर की तस्वीर

शुभमन गिल की वापसी के साथ शीर्ष तीन लगभग तय माने जा रहे हैं। ऐसे में रोहित शर्मा के साथ पिछली सीरीज में ओपनिंग करने वाले यशस्वी जायसवाल की जगह पर खतरा मंडरा रहा है। अगर चयनकर्ता यशस्वी को नहीं चुनते हैं तो विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को स्क्वॉड में शामिल किया जा सकता है, जो ओपनिंग के साथ-साथ मिडिल ऑर्डर और विकेटकीपिंग का बैकअप विकल्प भी हैं। ईशान को हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टी20 टीम में दोबारा चुना गया था, जहां उन्होंने झारखंड को ऐतिहासिक खिताबी जीत दिलाते हुए कप्तानी की थी।

### नंबर-चार की पोजिशन पर किसे मिलेगा मौका?

विराट कोहली का तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना भी तय है। श्रेयस अय्यर की गैरमौजूदगी में नंबर-चार की जिम्मेदारी ऋतुराज गायकवाड़ को मिल सकती है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इसी पोजिशन पर शतक जड़ा था। केएल राहुल एक बार फिर मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करते नजर आ सकते हैं।

### पंत अंदर या बाहर? उनकी जगह कौन लेगा?

ऋषभ पंत टीम में अपनी जगह बरकरार रख पाएंगे या नहीं, इसे लेकर बहस तेज है। विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत ने जुलाई 2024 में श्रीलंका दौरे के बाद से एक भी वनडे मैच नहीं खेला है।

मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में भी उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। चार मैचों में उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है और कुल 121 रन बनाए हैं, जो 30.25 की औसत से आए हैं। इसके अलावा, चयनकर्ताओं की नजर संजू सैमसन पर भी हो सकती है, जो लंबे समय से सीमित ओवरों के क्रिकेट में अपनी जगह के लिए दावेदारी पेश करते रहे हैं।

# पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने राष्ट्रीय टीम के मैनेजर अंजुम सईद को बर्खास्त किया

**कराची।** एफआईएच प्रो लीग का दूसरा चरण अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में होगा। पीएचएफ के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि अंजुम इस प्रतियोगिता के लिए अभ्यास शिविर में भी शामिल नहीं होंगे।

पिछले महीने ब्राजील में अनुशासनहीनता की एक घटना पर पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने कड़ा रवैया अपनाते हुए पूर्व ओलंपियन अंजुम सईद को राष्ट्रीय टीम के मैनेजर पद से बर्खास्त कर दिया और वह एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण में यह भूमिका नहीं निभा पाएंगे। एफआईएच प्रो लीग का दूसरा चरण अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में होगा। पीएचएफ के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि अंजुम इस प्रतियोगिता के लिए अभ्यास शिविर में भी शामिल नहीं होंगे।

सूत्र ने बताया, 'पिछले महीने अर्जेंटीना से राष्ट्रीय टीम के साथ स्वदेश लौटते समय अंजुम के अनुशासनहीन व्यवहार के कारण उन्हें टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया न भेजने का निर्णय लिया गया है। मुख्य कोच ताहिर जमां ऑस्ट्रेलिया में मैनेजर की भूमिका भी निभाएंगे।' अंजुम को स्वदेश लौटते समय रियो डी जनेरियो में ब्राजील के अधिकारियों ने उस समय हिरासत में ले लिया था, जब विमान ईंधन भरने के लिए वहां रुका था। अंजुम को विमान में धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया था, जिसके कारण एयरलाइंस के कर्मचारियों के साथ उनकी बहस हुई और फिर उन्हें एक दिन के लिए हिरासत में ले लिया गया और टीम के साथ वापस लौटने की अनुमति नहीं दी गई। अंजुम और उनके साथ रुका हुआ एक खिलाड़ी दो दिन बाद स्वदेश लौटे थे।



# विश्वकप टीम से ड्रॉप हुए गिल तो भड़के युवराज के पिता योगराज

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने शुभमन गिल के टी20 विश्व कप स्क्वॉड से बाहर होने पर नाराजगी जताई है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने शुभमन गिल के टी20 विश्व कप स्क्वॉड से बाहर होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि चयनकर्ता अपने उपकप्तान का समर्थन नहीं कर पा रहे हैं। इस दौरान योगराज ने पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव का भी जिक्र किया।







### गिल के ड्रॉप होने पर भड़के योगराज

रवि बिष्ट के यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए योगराज सिंह ने कहा, 'शुभमन गिल उपकप्तान हैं। क्या वजह है उन्हें टीम से बाहर करने की? क्या 4-5 पारियों में उनका बल्ला नहीं चला तो उन्हें ड्रॉप कर दिया गया? भारतीय क्रिकेट में कई ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने 100 मौकों में से सिर्फ 10 बार ही अच्छा प्रदर्शन किया है।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन तब भी वो खेले। आपको पहले से ही बता है क्या वजह रही होगी।

युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा कुछ साल पहले आया। अगर वो चार पारियों में नहीं चला तो क्या आप उसे भी ड्रॉप कर देंगे?'

### योगराज ने किया कपिल देव का जिक्र

इस दौरान योगराज ने पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'चलिए मैं आपको महान कपिल देव का उदाहरण देता हूं। जब हम पाकिस्तान के दौरे पर गए थे, उस वक्त बिशन सिंह बेदी कप्तान थे। लगातार गेंद और बल्ले से खराब प्रदर्शन के बावजूद कपिल देव को मौके मिले। बिशन सिंह बेदी उन्हें अगले इंग्लैंड दौरे पर भी लेकर गए।'

### टी20 विश्व कप टीम में शामिल नहीं हैं गिल

उल्लेखनीय है कि इस साल सात फरवरी से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया का एलान कर दिया है। इस टीम में शुभमन गिल शामिल नहीं हैं। माना जा रहा है कि उनका टी20 प्रारूप में हालिया प्रदर्शन उनके लिए मुसीबत बन गया। एशिया कप के दौरान टीम में वापसी के बाद से उन्होंने 15 मैचों में सिर्फ 291 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 137.26 रहा है, जिसमें एक भी अर्धशतक या शतक शामिल नहीं है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई टी20 सीरीज में भी गिल का बल्ला खामोश रहा और उन्होंने तीन मैचों में सिर्फ 32 रन बनाए, जिससे उनके चयन पर दबाव और बढ़ गया।

# 'पुजारा-रहाणे जैसा धैर्य दिखाएं', मेलबर्न में फेल हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को इस दिग्गज ने दी सलाह

**नई दिल्ली।** एमसीजी टेस्ट में शर्मनाक बल्लेबाजी के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम आलोचनाओं के घेरे में है। रॉबिन उथप्पा ने सलाह दी है कि बल्लेबाजों को मुश्किल पिचों पर पुजारा और रहाणे की तरह धैर्य और तकनीक के साथ खेलना चाहिए। अब सबकी नजरें एससीजी की पिच पर हैं, जहां सीरीज का फैसला होना है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले गए चौथे एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी के पूरी तरह बिखर जाने के बाद टीम की रणनीति और तकनीक पर सवाल खड़े हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 152 और दूसरी पारी में महज 132 रन पर सिमट गया, जिसके चलते उसे इंग्लैंड के खिलाफ 15 साल से ज्यादा समय बाद घरेलू धरती पर टेस्ट हार का सामना करना पड़ा।



**रॉबिन उथप्पा की अहम सलाह**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को सलाह दी है कि मुश्किल पिचों पर उन्हें चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की तरह धैर्य के साथ बल्लेबाजी करनी चाहिए। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए उथप्पा ने कहा, 'यह स्थिति थोड़ी विरोधाभासी है। यह कोई नामुमकिन विकेट नहीं है। मेलबर्न में ऐसी पिचें होती हैं जो तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होती हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि आजकल जिस तरह से क्रिकेट खेला जा रहा है, उसी का असर दिखता है। ये पिचें भले ही मुश्किल लगें, लेकिन सही तकनीक, सही माइंडसेट और जुझारूपन हो तो समाधान निकल सकता है।'

**250 रन भी हो सकते हैं काफी**

उथप्पा का मानना है कि ऐसे विकेट पर बहुत बड़े स्कोर की उम्मीद करना गलत है। उन्होंने कहा, 'यह 300 प्लस का मैच नहीं होगा, लेकिन इस विकेट पर 250 रन भी संभव हैं। आपको संघर्ष करना होगा। इसे पुजारा और अजिंक्य रहाणे की तरह खेलिए, निश्चित तौर पर रन आएंगे।'

**जो रूट भी दिखे असमंजस में**

रॉबिन उथप्पा ने इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे विकेट पर बल्लेबाजी करना किसी के लिए आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जो रूट भी उस टेस्ट में असमंजस में दिखे। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि आक्रामक खेलें या अपने स्वाभाविक अंदाज में बल्लेबाजी करें।' ख्वाजा ने कहा, 'मैं थोड़ा संकोच के साथ यह कह रहा हूं, लेकिन दो दिन में खत्म होने वाले एशेज टेस्ट मुझे पसंद नहीं आते। हम मनोरंजन के नाम पर खेल के साथ क्या कर रहे हैं?'

**एससीजी पिच पर भी नजरें**

अब सभी की निगाहें सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) की पिच पर हैं, जहां एशेज 2025-26 का पांचवां और आखिरी टेस्ट 4 जनवरी से खेला जाना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पिच पर अच्छी-खासी घास मौजूद है।

# जेसन होल्डर ने फेंकी अजीबोगरीब गेंद! हंसी नहीं रोक पाए रसेल

**दुबई।** आईएलटी20 2025 में जेसन होल्डर की एक बेहद भटकी हुई गेंद सीधे चौथी स्लिप की दिशा में चली गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यह अजीब वाइड गेंद टी20 क्रिकेट के सबसे मजेदार पलों में से एक बन गई और फैंस को जमकर हंसने का मौका मिला।

टी20 क्रिकेट को आमतौर पर लंबे छक्कों, तेज रन और सटीक यॉर्कर के लिए जाना जाता है, लेकिन 2025 इंटरनेशनल लीग टी20 (ILT20) में वेस्टइंडीज के अनुभवी ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने कुछ ऐसा कर दिया, जिसने फैंस को हंसी से लोटपोट कर दिया। दुबई कैपिटल्स की ओर से खेलते हुए होल्डर की एक गेंद इतनी भटकी हुई थी कि वह बल्लेबाज को पार करते हुए सीधे चौथी स्लिप की दिशा में जा पहुंची। स्लिप में फील्डिंग कर रहे आंद्रे रसेल भी हंसी नहीं रोक पाए।





### हाथ से फिसली गेंद

होल्डर रन-अप लेकर आए और एक सामान्य तेज गेंद डालने की कोशिश की, लेकिन रिलीज पॉइंट पर गेंद उनके हाथ से फिसल गई। नतीजा यह रहा कि गेंद न सिर्फ बल्लेबाज को चकमा दे गई, बल्कि विकेट और विकेटकीपर के बीच आधा रास्ता भी तय कर गई। गेंद ठीक उस जगह पहुंची, जहां टेस्ट क्रिकेट में चौथी स्लिप फील्डर खड़ा होता है।

टी20 में आमतौर पर इतनी आक्रामक स्लिप फील्डिंग नहीं होती, इसलिए वहां कोई फील्डर मौजूद नहीं था। जैसे ही इस अजीब डिलीवरी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, फैंस हंसते-हंसते बेहाल हो गए। कई यूजर्स ने इसे सिस्टम में गड़बड़ी करार दिया, तो कुछ ने मजाक में कहा कि होल्डर टी20 में टेस्ट मैच की तैयारी कर रहे थे।

### कमेंटेटर भी हैरान

इस पूरी घटना के बाद जेसन होल्डर ने ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं दी। वह बिना किसी झिझक के अपने मार्क पर लौटे और अगली गेंद डालने की तैयारी में जुट गए। अपनी ऊंचाई, नियंत्रण और सटीकता के लिए मशहूर होल्डर से ऐसी गेंद देखना फैंस और कमेंटेटर्स दोनों के लिए हैरान करने वाला था।

# उस्मान ख्वाजा और विवादों की पारी: गोल्फ से गाजा तक

## पाकिस्तानी मूल के इस क्रिकेटर के वो 'कांड' जिनसे मचा भूचाल

**सिडनी।** उस्मान ख्वाजा का करियर सिर्फ क्रिकेट की कहानी नहीं, बल्कि पहचान, बराबरी और अभिव्यक्ति की आजादी की लड़ाई भी रहा। रेसियल स्टीरियोटाइपिंग, मीडिया की सख्ती, आईसीसी से टकराव और दोहरे मापदंडों के आरोप, इन सबके बीच ख्वाजा ने अपनी आवाज नहीं दबने दी। उनके रिटायरमेंट के एलान ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में उस्मान ख्वाजा का नाम सिर्फ शानदार कवर ड्राइव या अहम पारियों के लिए नहीं, बल्कि उन सवालों के लिए भी याद रखा जाएगा, जो उन्होंने सिस्टम, मीडिया और सोच पर उठाए। पाकिस्तान में जन्मे, मुस्लिम पहचान वाले ख्वाजा का करियर जितना क्रिकेटिंग उपलब्धियों से भरा रहा, उतना ही विवादों और बहसों से भी जुड़ा रहा। जनवरी 2026 में उनकी रिटायरमेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस ने इन सभी मुद्दों को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को आईना दिखा दिया। ख्वाजा एशेज 2025/26 के पांचवें और आखिरी टेस्ट के बाद रिटायर हो जाएंगे। सिडनी में उनका आखिरी मैच होगा और यह वही मैदान है, जहां से ख्वाजा ने क्रिकेट करियर की शुरूआत की थी।



'हमेशा अलग तरीका का व्यवहार किया गया'

रिटायरमेंट को लेकर एलान के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में ख्वाजा ने खुलकर कहा कि उन्हें अपने पूरे करियर में अलग महसूस कराया गया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, 'मैं समझता हूं कि ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाना मुश्किल है, लेकिन मेरे साथ जो व्यवहार हुआ, वैसा मैंने किसी और के साथ नहीं देखा।' उनका कहना था कि उनकी पृष्ठभूमि, पाकिस्तान में जन्म, मुस्लिम पहचान, अक्सर बहस का मुद्दा बना, जबकि प्रदर्शन के लिहाज से वे लगातार टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज रहे। आइए उन विवादों के बारे में जानते हैं, जिनसे ख्वाजा का नाम जुड़ा रहा। इन विवादों ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को भी कटघड़े में खड़ा किया।

1. पर्थ टेस्ट, गोल्फ और पुरी दुनिया में चर्चा

साल 2025 की एशेज सीरीज शुरू होने को थी। पहला टेस्ट पर्थ में खेला जाना था। मैच शुरू होने से पहले ख्वाजा तीन दिन लगातार गोल्फ खेलते नजर आए। इससे ख्वाजा की पीठ में ऐंठन (बैक स्पैज्म) की खबर आई। इसी दौरान उनकी गोल्फ खेलते तस्वीरें सामने आईं और इसकी वजह से काफी बवाल हुआ। मीडिया में सवाल उठने लगे- क्या वह क्रिकेट को लेकर गंभीर हैं? क्या उनकी कमिटमेंट में कमी है?

ख्वाजा को यही बात सबसे ज्यादा चुभी। उन्होंने शुक्रवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'डोंट गैसलाइट मी। जो मैंने झेला है, उसे नकारा नहीं जा सकता।' 'गैसलाइटिंग' मनोवैज्ञानिक हेरफेर का वह रूप है, जहां कोई व्यक्ति किसी दूसरे को इतना भ्रमित कर देता है कि वह अपनी यादों, समझ और वास्तविकता पर ही शक करने लगता है। हिंदी में इसे भ्रमित करना, धोखे में रखना, या वास्तविकता से भटकाना कह सकते हैं, जिसका उद्देश्य व्यक्ति को मानसिक रूप से कमजोर करना होता है।

### क्या डेविड बेकहम के परिवार में सब ठीक नहीं

**लंदन।** सोशल मीडिया गतिविधियों और कुछ पोस्ट्स के चलते डेविड बेकहम और उनके बेटे ब्रुकलिन के बीच रिश्तों में खटास की अटकलें तेज हुई हैं। हालांकि डेविड की हालिया इंस्टाग्राम स्टोरी को बेटे के लिए प्यार और सुलह के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। परिवार की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

पूर्व इंग्लिश फुटबॉलर डेविड बेकहम और उनके सबसे बड़े बेटे ब्रुकलिन बेकहम के बीच रिश्तों को लेकर बीते कुछ समय से अटकलें तेज हैं। खासतौर पर तब, जब डेविड और उनकी पत्नी विक्टोरिया बेकहम ने कथित तौर पर ब्रुकलिन को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया। इन अफवाहों की शुरूआत उस वक्त हुई जब डेविड बेकहम ने साल 2025 के लिए एक फैमिली रीकैप पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने पत्नी विक्टोरिया और अपने तीन बच्चों का जिक्र किया, लेकिन ब्रुकलिन का नाम शामिल नहीं था।

# अस्पताल में भर्ती डेमियन मार्टिन की कैसी है हालत

**सिडनी।** मेनिन्जाइटिस से जूझ रहे डेमियन मार्टिन की हालत में पिछले 24 घंटों में सुधार के संकेत मिले हैं। एडम गिलक्रिस्ट के अनुसार उनकी रिकवरी की दिशा सकारात्मक है। क्रिकेट जगत से लगातार दुआएं और समर्थन मिल रहा है, जिससे उनके जल्द स्वस्थ होने की उम्मीद बढ़ी है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेमियन मार्टिन इस समय मेनिन्जाइटिस जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। वह गोल्ड कोस्ट यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में भर्ती हैं और फिलहाल उन्हें मेडिकल रूप से इंड्यूस्ड कोमा में रखा गया है। उनकी सेहत को लेकर क्रिकेट जगत में चिंता का माहौल है, लेकिन इस बीच पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने राहत भरी जानकारी दी है।



### गिलक्रिस्ट ने दी पॉजिटिव अपडेट

एडम गिलक्रिस्ट ने एक जनवरी को फॉक्स क्रिकेट से बात करते हुए बताया कि मार्टिन की हालत में कुछ सकारात्मक संकेत देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा, 'पिछले 24 घंटे में कई तरह की टेस्ट रिपोर्ट्स सामने आईं और उनसे सकारात्मक संकेत मिले हैं।' हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मार्टिन अभी अस्पताल में ही हैं और आगे की जानकारी समय के साथ सामने आएगी।

### बॉक्सिंग डे पर बिगड़ी थी हालत

डेमियन मार्टिन को 26 दिसंबर, बॉक्सिंग डे के दिन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें गहन चिकित्सा में रखते हुए मेडिकल कोमा में डालने का फैसला किया। तब से उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### दुनियाभर से मिल रही दुआएं

मार्टिन की बीमारी की खबर सामने आते ही क्रिकेट जगत से समर्थन और दुआओं का सिलसिला शुरू हो गया। भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण और रविचंद्रन अश्विन ने भी उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। लक्ष्मण ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पूरा क्रिकेट जगत इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

### ऑस्ट्रेलियाई दिग्गजों ने भी जताया समर्थन

डेमियन मार्टिन के पूर्व साथी डैरेन लेहमैन और अनुभवी ब्रॉडकास्टर जिम विल्सन ने भी उनके लिए प्रार्थनाएं भेजीं। वहीं पूर्व टेस्ट गेंदबाज रॉडनी हॉग ने इस खबर को चौंकाने वाला बताते हुए उनके जल्द ठीक होने की उम्मीद जताई।

### एक शानदार करियर की कहानी

डेमियन मार्टिन को ऑस्ट्रेलिया के सबसे खूबसूरत स्ट्रोक खेलने वाले बल्लेबाजों में गिना जाता है। उन्होंने 1992 से 2006 के बीच 67 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 4,406 रन बनाए। 46.37 के शानदार औसत और 13 शतकों के साथ वह स्टीव वॉ की मजबूत टीम का अहम हिस्सा रहे। उन्होंने 2006 एशेज सीरीज के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया।

# 46 साल की उम्र में वीनस विलियम्स का ऑस्ट्रेलियन ओपन में कमबैक



**न्यूयॉर्क।** 46 साल की उम्र में वीनस विलियम्स ऑस्ट्रेलियन ओपन में कमबैक कर रही हैं। यह उनका पहला मैच पांच साल बाद और 28 साल बाद उनके डेब्यू के बाद होगा। उम्र और अनुभव के संगम से यह टूनार्मेंट उनके करियर के सबसे यादगार मोड़ में से एक बन सकता है।

टेनिस की सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स जनवरी 2026 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में वापसी करने जा रही हैं। मेलबर्न में 18 जनवरी से शुरू होने वाले इस टूनार्मेंट में उन्हें वाइल्डकार्ड के जरिए मुख्य ड्रॉ में स्थान मिला है। पिछले पांच वर्षों में यह वीनस का इस टूनार्मेंट में पहला मैच होगा और यह उनकी शादी के कुछ ही दिनों बाद हो रहा है। 45 वर्षीय वीनस विलियम्स ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन जाएंगी।

उन्होंने जापान की किमिको डेट का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो 2015 में 44 साल की उम्र में मेलबर्न पार्क में खेली थीं। वीनस ने कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया लौटकर उत्साहित हूं और ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हूं। मेरे पास वहां कई अविस्मरणीय यादें हैं और मैं इस अवसर के लिए आभारी हूं।'

**करियर की लंबी यात्रा:** टूनार्मेंट आयोजकों ने पुष्टि की कि वीनस का यह कमबैक उनके ऑस्ट्रेलियन ओपन डेब्यू के 28 साल बाद हो रहा है। 1998 में उन्होंने अपने छोटे बहन सेरेना को दूसरे राउंड में हराया था, लेकिन क्वार्टरफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवेनपोर्ट से हार गई थीं।


वीनस दो बार ऑस्ट्रेलियन ओपन सिंगल्स फाइनल तक पहुंची हैं। 2003 में सेरेना से और 2017 में फिर से। अब तक उनके रिकॉर्ड में 54 जीत और 21 हार हैं। यह उनके मुख्य ड्रॉ में 22वें प्रदर्शन का प्रतीक होगा। उन्होंने पिछली बार 2021 में मेलबर्न में खेला था, उसके बाद नियमित टूअर से दूरी बना ली थी।

### तैयारी और टूर्नामेंट्स

वीनस ने पहले ही नवम्बर में अपनी वापसी का संकेत दे दिया था। उन्होंने ऑकलैंड, न्यूजीलैंड में भी वाइल्डकार्ड लिया है, जो ऑस्ट्रेलियन ओपन से दो सप्ताह पहले खेला जाएगा। इसके अलावा, हॉबार्ट टूनार्मेंट में भी उनका नाम दर्ज है, जो मेलबर्न की तैयारी का हिस्सा है।

### उम्र और अनुभव का संगम

एक बार फिर ऑस्ट्रेलियन समर में वीनस की निगाहें यह साबित करने पर होंगी कि वह समय और उम्र की सीमाओं को चुनौती दे सकती हैं। उनका अनुभव और करियर की लंबी यात्रा उन्हें मेलबर्न पार्क में प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाएगी।




# वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना का जन्मदिन मनाया गया धूम-धाम से





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना का जन्मदिन उनके परिजनों, समर्थकों, शुभचिंतकों ने धूम–धाम से मनाया। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना के जन्मदिन पर समाज के सभी वर्गों के लोग पहुंचे। राजनीति, समाजसेवा, व्यापारमंडल के गणमान्य लोगों ने जगदीश साधना को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनायें देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ, लम्बी आयु और यशस्वी जीवन की कामना की। अपने जन्मदिन के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में हमेशा सामाजिक संस्कारों से जुड़कर चलना चाहिए। हमें हमेशा इस बात का ध्यान रखना है कि सामाजिक परिवेश में , संस्कारों में और राष्ट्र निर्माण में हमारा क्या योगदान है।

## आरटीई के तहत दाखिले के लिए 1 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन शुरू



**गाजयाबाद (करंट क्राइम)।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत दुर्बल वर्ग एवं अलाभित समूह के बच्चों के लिए दाखिला प्रक्रिया को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 3 वर्ष से अधिक और 7 वर्ष से कम आयु वर्ग (गणना 1 अप्रैल के आधार पर) के बालक-बालिकाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 जनवरी से आरटीई पोर्टल पर शुरू हो रहे हैं।

दाखिला प्रक्रिया के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार मादंड, मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओ.पी. यादव द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अधिक से अधिक पात्र अभिभावक आवेदन करें। प्रशासन ने अपील की है कि शहरी क्षेत्र के अभिभावक अपने वार्ड के विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक अपनी ग्राम पंचायत के विद्यालयों के लिए आरटीई पोर्टल पर आवेदन करें, ताकि योजना का लाभ अधिकतम बच्चों तक पहुंच सके। इसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आज जनपद कार्यालय के सभागार में खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों, एसआरजी एवं एआरपी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आरटीई योजना की नियमावली से संबंधित पैंफलेट वितरित किए गए और निर्देश दिए गए कि इन्हें अधिक से अधिक सोसाइटियों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों तथा जनसभाओं में बांटा जाए, ताकि आमजन को योजना के प्रति जागरूक किया जा सके।

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार, जमुना प्रसाद, अखिलेश कुमार, विश्वजीत सिंह राठी, जिला समन्वयक रुचि त्यागी, सिंपल चौधरी, अनुभव गुप्ता, एसआरजी पूनम शर्मा, देवांकुर, विनीता सहित सभी एआरपी सदस्यों ने सहभागिता की और योजना को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र लोनी में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र लोनी में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों से आंगनबाड़ी कार्यकत्री, समस्त परिषदीय विद्यालयों से कक्षा एक में पढ़ाने वाले नोडल शिक्षक, शिक्षक संकुल, ईसीसीई एजुकेटर तथा आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी लोनी एवं स्टेट रिसोर्स पर्सन श्रीमती पूनम शर्मा तथा श्रीमती विनीता त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत श्रीमती रीना चौधरी ने ह्यहमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के उद्देश्यों और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

एआरपी कल्पना ने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं एआरपी सुषमा एवं अनुपमा रानी ने नई शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख बिंदुओं से सभी को अवगत कराया। एआरपी विनीता द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। एसआरजी देवांकुर ने ईसीसीई एजुकेटर्स को बच्चों को आंगनबाड़ी से विद्यालय से जोड़कर रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में निपुण बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खंड शिक्षा अधिकारी श्री सर्वेश कुमार के साथ-साथ सभी एआरपी एवं एसआरजी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने व्यक्ति के मन और व्यक्ति के विस्तार को शब्दों के जरिये साझा किया। उन्होंने कहा कि छोटे मन का व्यक्ति कभी भी सुख प्राप्त नहीं कर सकता और बड़े मन का व्यक्ति उसी अनुपात में आध्यात्मिक ऊंचाईयों को हासिल करता है। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इस सीख को भाजपा नेता और प्रमुख समाजसेवी रामअवतार जिन्दल ने आत्मसात किया। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इन वचनों को अपनी फेसबुक पोस्ट बनाया और साझा किया। समाजसेवी तथा भाजपा नेता रामअवतार जिन्दल की यह पोस्ट करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## गजप्रस्थ में आधार, आयुष्मान एवं नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ द्वारा डीपीएस कंस्ट्रक्शन एंड प्रमोटर्स के सहयोग से वेव सिटी स्थित डीपीएस कंस्ट्रक्शन परिसर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का



आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक चला। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनोद कुमार सर्वोदय उपस्थित रहे। शिविर के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा श्रेया आई सेंटर की ओर से लोगों की आंखों की जांच की गई। इसके साथ ही 18 वर्ष तक की आयु के नए आधार कार्ड बनाए गए एवं सभी आयु वर्ग के लोगों के आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन किए गए।

# सऊदी ने यूएई समर्थित अलगाववादियों पर बरसाए बम, हमलों से बढ़ा तनाव

**सना।** यमन के दक्षिणी हिस्से में सत्ता और प्रभाव को लेकर तनाव और गहरा गया है। शुक्रवार को सऊदी अरब के युद्धक विमानों ने संयुक्त अरब अमीरात समर्थित अलगाववादी बलों पर हवाई हमले किए। अलगाववादी नेतृत्व के अनुसार, ये हमले हदरामौत प्रांत में हुए, जहां हाल के दिनों में सऊदी समर्थित और यूएई समर्थित गुट आमने-सामने हैं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, इन हमलों में किसी के हताहत होने की तत्काल पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन क्षेत्र में तनाव चरम पर पहुंच गया है।

अलगाववादी संगठन साउदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सऊदी समर्थित नेशनल शील्ड फोर्सेज ने हदरामौत में स्थित उनके शिविरों की ओर बढ़ने की कोशिश की। रळउ बलों ने पीछे हटने से इनकार कर दिया, जिसके बाद



यमन के दक्षिणी हदरामौत प्रांत में सऊदी अरब के युद्धक विमानों ने यूएई समर्थित अलगाववादी बलों पर हवाई हमले किए।

सऊदी युद्धक विमानों ने हवाई कार्रवाई की। यह प्रांत सऊदी अरब की सीमा से सटा हुआ है और रणनीतिक रूप से बेहद अहम माना जाता है।

**हदरामौत में टकराव की पृष्ठभूमि**

पिछले महीने एसटीसी ने यमन के हदरामौत और महरा प्रांतों में अपनी मौजूदगी बढ़ाते हुए एक तेल-समृद्ध इलाके पर कब्जा कर लिया था। इस कदम के बाद सऊदी समर्थित नेशनल शील्ड फोर्सेज को पीछे हटना पड़ा। इससे पहले दोनों गुट ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक ही गठबंधन में थे, लेकिन अब दक्षिणी यमन में वर्चस्व को लेकर मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं।

**शांतिपूर्ण अभियान का दावा**

यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार द्वारा नियुक्त हदरामौत के गवर्नर सालेम अल-खानबाशी ने इस कार्रवाई को शांतिपूर्ण और एहतियाती कदम बताया। सरकारी मीडिया पर दिए बयान में उन्होंने कहा कि यह कोई युद्ध की घोषणा नहीं है और इसका उद्देश्य केवल हथियारों को हटाना और अराजकता को रोकना है। उनके मुताबिक, शिविरों का इस्तेमाल क्षेत्र की सुरक्षा को कमजोर करने के लिए नहीं होने दिया जाएगा।

**सऊदी-यूएई के बीच बढ़ता तनाव:** सऊदी अरब के यमन स्थित राजदूत मोहम्मद अल-जाबेर ने आरोप लगाया कि एसटीसी प्रमुख ऐदरूस अल-जुबैदी ने सऊदी मध्यस्थता प्रयासों को लगातार ठुकराया। उन्होंने यह भी कहा कि अलगाववादियों ने सऊदी प्रतिनिधिमंडल के विमान को अदन में उतरने की अनुमति नहीं दी। इससे दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद तनाव और गहरा गया है।

**हवाई यात्रा और प्रतिबंध**

इस बीच, एसटीसी से जुड़े यमन के परिवहन मंत्रालय ने दावा किया कि सऊदी अरब ने अदन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानों पर नए निरीक्षण नियम थोप दिए हैं, जिसके तहत विमानों की जांच जेद्दा में कराना अनिवार्य किया गया है। मंत्रालय ने इस फैसले पर नाराजगी जताई है। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि यूएई से आने-जाने वाली सभी उड़ानें फिलहाल निलंबित कर दी गई हैं।

**यमन का लंबा गृहयुद्ध**

यमन पिछले एक दशक से अधिक समय से गृहयुद्ध की चपेट में है। उत्तर में ईरान समर्थित हूती विद्रोही बड़े हिस्से पर नियंत्रण बनाए हुए हैं, जबकि दक्षिण में अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार को सऊदी-यूएई गठबंधन का समर्थन प्राप्त है। हालांकि, यूएई दक्षिणी अलगाववादियों का भी समर्थन करता है, जो दक्षिण यमन को फिर से अलग देश बनाने की मांग कर रहे हैं। 1967 से 1990 तक दक्षिण यमन एक स्वतंत्र देश था।

# 'दक्षिण एशिया में भारत का नेतृत्व जरूरी'

**कोलंबो।** श्रीलंका के विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा ने हिंद महासागर क्षेत्र और दक्षिण एशिया में भारतीय नेतृत्व पर बात की है। उन्होंने एक साक्षात्कार में भारत के नेतृत्व को जरूरी बताया है।



श्रीलंका में मुख्य विपक्षी पार्टी समगी जना बेलावेगया (एसजेबी) के राजनेता और विपक्ष के नेता सजिथ प्रेमदासा ने भारत के नेतृत्व को लेकर बात की है। एक इंटरव्यू में प्रेमदासा ने कहा है कि हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने और पूरे दक्षिण एशिया में लंबे समय तक शांति बनाए रखने के लिए भारत का नेतृत्व आवश्यक है। कोलंबो से दिए गए एक विशेष साक्षात्कार में प्रेमदासा ने कहा कि भारत और श्रीलंका के राष्ट्रीय हित आपस में पूरी तरह मेल खाते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान, समझ और रचनात्मक सहयोग की मजबूत नींव बनती है।

**भारत को बताया एक वैश्विक महाशक्ति:** भारत को एक वैश्विक महाशक्ति बताते हुए प्रेमदासा ने कहा कि इस वास्तविकता को क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करते हुए कहा कि यह वर्तमान वैश्विक शक्ति संतुलन को सही रूप में दर्शाएगा।

प्रेमदासा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि आर्थिक संकट के समय भारत ने श्रीलंका की जनता को ठोस सहयोग दिया।

उन्होंने कहा कि मजबूत भारतझ्र श्रीलंका संबंधों से श्रीलंका को आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य और विकास से जुड़ी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली है।

**बांग्लादेश के हालातों पर की चर्चा**

साक्षात्कार के दौरान प्रेमदासा ने कहा कि क्षेत्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक सुरक्षा को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व बेहद जरूरी है। वहीं दक्षिण एशिया के हालात पर बात करते हुए उन्होंने बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता को बेहद अहम बताया, खासकर आगामी चुनावों के संदर्भ में। उन्होंने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होंगे, जिससे वहां की जनता की आकांक्षाएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए सामने आएंगी।

इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस द्वारा दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) को पुनर्जीवित करने के आह्वान का भी समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि समावेशी विकास सामाजिक लोकतांत्रिक मूल्यों- जैसे न्याय, समानता और निष्पक्षता पर आधारित होना चाहिए और एक सक्रिय रअअफछ दक्षिण एशिया में दीर्घकालिक शांति और स्थिरता में अहम भूमिका निभा सकता है।

# बफीर्ले तूफान के बीच भारतवंशी ड्राइवर बना 'देवदूत'

## बचाई गर्भवती की जान, जमकर हो रही तारीफ



**टोरंटो।** कनाडा के कैलगरी में एक भारतीय मूल का टैक्सी ड्राइवर एक परिवार के लिए देवदूत बनकर सामने आया। उसने बफीर्ले तूफान के बीच गर्भवती महिला और उसके पति की मदद की, जिसके बाद हर तरह उसकी तारीफ हो रही है।

कनाडा के कैलगरी में एक भारतीय मूल के टैक्सी चालक ने मानवता की मिसाल पेश की है। कड़ाके की ठंड और बफीर्ले तूफान के बीच, इस चालक ने एक गर्भवती महिला और उसके पति को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। इतना ही नहीं दर्द से कराह रही महिला की मदद करते हुए उसे नया जीवनदान भी दिया। शख्स खराब मौसम के बीच एम्बुलेंस के इंतजार में वक्त गंवाए बिना खुद अस्पताल लेकर पहुंचा। इस दौरान रास्ते में ही महिला ने बच्चे को जन्म दे दिया।

### कठिन मौसम और मुश्किल फैसला

ग्लोबल न्यूज रिपोर्ट्स के मुताबिक टैक्सी चालक हरदीप सिंह तूर ने पिछले शनिवार देर रात एक डिस्पैच कॉल का जवाब दिया। इस कॉल पर उन्हें बताया गया कि यह अस्पताल के लिए एक अर्जेंट राइड है। मौके पर पहुंचने पर हरदीप ने देखा कि मामला गंभीर था। एक जोड़ा अपने बच्चे के जन्म के लिए समय से जूझ रहा था। महिला प्रसव पीड़ा में थी और उसका पति उसे गाड़ी में बैठाने की कोशिश कर रहा था।

हरदीप ने बताया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पहले उन्होंने एम्बुलेंस बुलाने का विचार किया। लेकिन बाहर का तापमान शून्य से -23 डिग्री नीचे था और मौसम बहुत खराब था। उन्होंने सोचा कि एम्बुलेंस का इंतजार करना सही नहीं होगा। दंपति के हाव-भाव बता रहे थे कि वक्त बहुत कम है, इसलिए हरदीप ने खुद ही गाड़ी चलाने का फैसला किया।

हरदीप ने आगे कहा यह 30 मिनट का सफर जिंदगी का सबसे लंबा सफर था। पीछे की सीट से दर्द भरी आवाजें आ रही थीं। बाहर बफीर्ला तूफान था और सड़कें फिसलन भरी थीं। लाल बत्तियां बार-बार उनके धैर्य की परीक्षा ले रही थीं, लेकिन हरदीप का पूरा ध्यान बस जल्द से जल्द और सुरक्षित अस्पताल पहुंचने पर था।

### महिला ने टैक्सी में बच्चे को दिया जन्म

पीटर लूघीद सेंटर अस्पताल कुछ ही दूरी पर था कि अचानक पीछे से आवाजें आनी बंद हो गईं। अस्पताल की इमारत दिखने से पहले ही पिछली सीट पर बच्चे का जन्म हो चुका था। हरदीप ने गाड़ी नहीं रोकी, वे बस यही सोचते रहे कि मां और बच्चे को तुरंत चिकित्सीय मदद मिलनी चाहिए।

अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सा कर्मी मदद के लिए दौड़े। हरदीप ने बताया कि कर्मचारियों ने मां और बच्चे दोनों को स्वस्थ बताया है। पिछले चार साल से टैक्सी चला रहे हरदीप ने इस घटना को अपने लिए गर्व का पल बताया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, यह मेरा पहला अनुभव है जब मेरी गाड़ी में दो लोग बैठे थे, लेकिन उतरे तीन।

# ट्रंप ने ईरान को दी चेतावनी 'प्रदर्शनकारियों पर हिंसा का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा'

**नई दिल्ली।** ईरान में आर्थिक संकट के बीच हिंसा और उग्र प्रदर्शन जारी है। सुरक्षा बलों के साथ प्रदर्शकारियों की झड़प की खबरें भी लगातार सामने आ रही है, जिसमें कई लोगों के मारे जाने की सूचना है। ऐसे में अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है।

ईरान में आर्थिक संकट के बीच जनता सड़क पर उतर आई है। राजधानी तेहरान से लेकर देश के कई शहरों में हिंसक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ विरोध के स्वर तेज हैं।

देश की मुद्रा में लगातार गिरावट, भारी महंगाई और रोजगार के मुद्दे पर लोग उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों की खबर सामने आ रही है, जिसमें कई लोगों के मारे जाने की खबर है। इस बीच ईरान में फैली अशांति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी जारी है।



### हिंसा के बीच डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी

डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार (02 जनवरी) को कहा कि अगर ईरानी अधिकारी शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा का इस्तेमाल करते हैं, तो संयुक्त राज्य अमेरिका जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह से तैयार है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में लिखा, 'अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाता है और उन्हें बेरहमी से मारता है, जो कि उनकी आदत है, तो संयुक्त राज्य अमेरिका उनकी मदद के लिए आएगा। हम पूरी तरह से तैयार हैं।'


### विरोध प्रदर्शन के बीच अब तक सात लोगों की मौत

ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। राजधानी तेहरान में शुरू हुआ ये प्रदर्शन अन्य शहरों के साथ ग्रामीण इलाकों तक पहुंच गया है। प्रदर्शनकारियों ने कई सड़कों को ब्लॉक कर दिया है। हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर चुके हैं। प्रदर्शन की शुरूआत तेहरान के ग्रैंड बाजार के दुकानदारों से हुई, जो धीरे धीरे देशव्यापी प्रदर्शन में बदल गया।

इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि प्रदर्शनकारियों को 'धमकी, हिंसा और गिरफ्तारी' का सामना करने की खबरों से वह चिंतित है और ईरानी अधिकारियों से दमन रोकने का आग्रह किया।

# सच दिखाने पर पाकिस्तानी कोर्ट से मिली दोहरी उम्रकैद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक आतंकवाद विरोधी अदालत ने शुक्रवार (02 जनवरी) को 2023 में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा और दंगों के मामले में पत्रकारों, पूर्व सैन्य अधिकारियों और यूट्यूबर्स समेत सात लोगों को दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाई है। 9 मई, 2023 को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने अपने नेता इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में हिंसक प्रदर्शन किए, जिसमें सेना के ठिकानों और अन्य सरकारी संपत्तियों में आग लगा दी गई और तोड़फोड़ की गई थी।



इस पूरे मामले में यूट्यूबर आदिल राजा, पत्रकार वजाहत सईद खान, साबिर शाकिर और शाहीन सहबाई, एंकरपर्सन हैदर रजा मेहदी, विश्लेषक मोईद पीरजादा और पूर्व सेना अधिकारी अकबर हुसैन के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे। राजा, खान, सहबाई और मेहदी के खिलाफ मामले रमना पुलिस स्टेशन में दर्ज किए गए थे, जबकि शाकिर, हुसैन और पीरजादा के खिलाफ मामले इस्लामाबाद के आबपारा पुलिस स्टेशन में दर्ज किए गए थे।

अभियोजन पक्ष ने दोषी व्यक्तियों पर 9 मई की घटनाओं के संबंध में ₹राज्य संस्थानों के खिलाफ डिजिटल आतंकवाद₹ का आरोप लगाया था, क्योंकि कथित तौर पर उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके हिंसा भड़काई थी। इसी के साथ इस्लामाबाद स्थित एटीसी जज ताहिर अब्बास सिप्रा ने आरोपियों के मामलों में सुरक्षित रखे गए फैसले सुनाए। बता दें कि वे सभी देश से बाहर थे और आरोपों का सामना करने के लिए कभी वापस नहीं आए, इसलिए आतंकवाद विरोधी कानूनों के संबंधित प्रावधानों का उपयोग करके उनकी अनुपस्थिति में मुकदमे पूरे किए गए।

# न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने उमर खालिद को चिट्ठी भेजकर कहा 'हम आपके बारे में सोच रहे हैं'

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने दिल्ली दंगा मामले के आरोपी उमर खालिद को एक चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में जोहरान ममदानी ने उमर का समर्थन किया। उमर खालिद की सहयोगी बनोज्योत्सना लाहिरी ने यह चिट्ठी सोशल मीडिया पर साझा की है।

दिल्ली दंगा मामले के आरोपी उमर खालिद को अब न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी का भी साथ मिला है। जोहरान ममदानी ने उमर खालिद के लिए लिखा है कि हम सभी आपके बारे में सोच रहे हैं। उमर खालिद दिल्ली दंगा मामले में बीते पांच साल से जेल में बंद है। जोहरान ममदानी की उमर खालिद के समर्थन में लिखी ये पंक्तियां ऐसे समय सामने आई हैं, जब अमेरिकी सांसदों ने भी भारतीय राजदूत को एक चिट्ठी लिखकर उमर खालिद का समर्थन किया है और उसे जेल से रिहा करने की मांग की है।



### जोहरान ममदानी ने उमर खालिद के समर्थन में लिखी ये बात

उमर खालिद की सहयोगी बनोज्योत्सना लाहिरी ने जोहरान ममदानी के हाथ से लिखे एक नोट को सोशल मीडिया पर साझा किया है। इस नोट में न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने अपने हाथ से लिखा, 'प्रिय उमर, मुझे अक्सर कड़वाहट के बारे में आपके शब्द याद आते हैं और यह भी कि इसे खुद पर हावी न होने देना कितना अहम है। आपके माता-पिता से मिलकर खुशी हुई। हम सभी आपके बारे में सोच रहे हैं।' जोहरान ममदानी ने बुधवार आधी रात को ही न्यूयॉर्क मेयर पद की शपथ ली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते दिसंबर में उमर खालिद के माता-पिता ने जोहरान ममदानी से न्यूयॉर्क में मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि उसी दौरान जोहरान ममदानी ने उमर खालिद के लिए ये नोट लिखा था।

**अमेरिका के आठ डेमोक्रेटिक सांसदों ने भी उमर खालिद की रिहाई की मांग की**

फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगे के मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद पर साजिश रचने का आरोप है। इस मामले में सितंबर 2020 में उमर खालिद को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद से ही वह गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम की धाराओं के तहत जेल में बंद है।

अमेरिका के आठ डेमोक्रेटिक सांसदों ने भी वॉशिंगटन में तैनात भारतीय राजदूत को एक चिट्ठी लिखकर उमर खालिद की रिहाई की मांग की है। अमेरिकी सांसदों ने उमर खालिद के मामले की सुनवाई में हो रही देरी पर भी चिंता जताई और उसे जमानत देने की मांग की।

# पाकिस्तान को उखाड़ फेंको, हम भारत के साथ, जयशंकर के लिए बलूचिस्तान से आया खुला पत्र

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान के निर्वासित नेता मीर यार बलोच ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर को एक खुली चिट्ठी भेजी है। इस चिट्ठी में उन्होंने बलूचिस्तान के छह करोड़ लोगों की तरफ से भारत को नए साल की शुभकामनाएं दीं। साथ ही चीन के बढ़ते खतरे के प्रति भी आगाह किया।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान के निर्वासित बलोच नेता मीर यार बलोच ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को एक खुला पत्र लिखा है। इस ओपन लेटर में मीर यार बलोच ने भारत और बलूचिस्तान के बीच ऐतिहासिक संबंधों के बारे में बताते हुए सहयोग बढ़ाने की अपील की। उन्होंने बलूचिस्तान के छह करोड़ नागरिकों की ओर से भारत के 140 करोड़ लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं।



बलोच नेता ने भारत के साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों का दिया हवाला

इस खुले पत्र में एक ओर मीर यार बलोच ने भारत और बलूचिस्तान के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और वाणिज्यिक रिश्तों का जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने भारत से पाकिस्तान को जड़ से उखाड़ फेंकने की मांग भी कर डाली।ब

।लोच नेता ने कहा कि इस मामले में बलूचिस्तान का हर नागरिक भारत के साथ है। इस खुले पत्र में बलोच नेता ने लिखा, हिंगलाज माता मंदिर जैसे पवित्र स्थल हमारी साझा विरासत के प्रतीक हैं।

# किम जोंग उन की बेटी ने किया दादा और परदादा के समाधि स्थल का दौरा

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ ने पहली बार अपने दादा और परदादा के समाधि स्थल का सार्वजनिक दौरा किया। शुक्रवार को सरकारी मीडिया में जारी तस्वीरों के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि वह भविष्य में देश की अगली नेता हो सकती हैं। किम परिवार दशकों से उत्तर कोरिया पर सख्त नियंत्रण के साथ शासन करता आया है और उनके तथाकथित 'पैक्टू वंश' (पैक्टू ब्लडलाइन) से जुड़ी व्यक्तित्व पूजा इस अलग-थलग पड़े देश के राजमर्रा के जीवन पर हावी है।

मौजूदा नेता किम जोंग उन इस वंश के तीसरे शासक हैं। उनसे पहले उनके पिता किम जोंग इल और दादा किम इल सुंग यहां के शासक रहे। सरकारी प्रचार में इन दोनों व्यक्तियों को शाश्वत (स्थायी) नेता बताया जाता है और प्योंगयांग के केंद्र में स्थित एक विशाल मकबरे 'कुमसुसान पैलेस ऑफ द सन' में उनकी समाधि बनाई गई है। कोरियाई न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम जोंग उन ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस मकबरे का दौरा किया, जिसमें उनकी बेटी किम जू ऐ भी उनके साथ नजर आईं।

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने कहा कि पिछले साल पिता के साथ बीजिंग की एक अहम यात्रा में जाने के बाद किम जू ऐ को उत्तर कोरिया की अगली शासक के रूप मं देखा जा रहा है।

## उत्तराधिकार को लेकर अटकलें तेज



**उत्तर कोरियाई शासक किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ ने पहली बार दादा-परदादा के समाधि स्थल का सार्वजनिक दौरा किया, जिससे उनके उत्तराधिकारी होने की अटकलें तेज हो गई हैं। सरकारी मीडिया में उनकी मौजूदगी को सत्ता हस्तांतरण का संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि उन्हें जल्द ही उत्तर कोरिया की अगली नेता के तौर पर औपचारिक रूप से पेश किया जा सकता है।**

सियोल के सेजोंग इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञ चेओंग सोंग-चांग ने कहा, जल्द ही उन्हें देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर औपचारिक रूप से उत्तराधिकारी के रूप में पेश किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि समाधि स्थल पर उनकी आगे की पंक्ति में मौजूदगी खास थी, जो आमतौर पर किम जोंग उन के लिए आरक्षित रहती है। किम जू ऐ को उनके दादा और परदादा के उत्तराधिकारी के रूप में पेश किया गया है।

किम जू ऐ पहली बार 2022 में सुर्खियों में आई थीं, जब वह अपने पिता के साथ अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण के दौरान नजर आई थीं। इसके बाद से उत्तर कोरियाई मीडिया उन्हें 'प्रिय बच्ची' और 'मार्गदर्शन करने वाली महान व्यक्तित्व' जैसे शब्दों से संबोधित करने लगा है, जो आमतौर पर शीर्ष नेताओं और उनके उत्तराधिकारियों के लिए इस्तेमाल होते हैं। 2022 से पहले उनकी मौजूदगी की जानकारी केवल राष्ट्रीय बास्केटबॉल संघ (एनबीए) के पूर्व खिलाड़ी डेनिस रोडमैन से मिली थी, जिन्होंने 2013 में उत्तर कोरिया का दौरा किया था।

# जर्मनी में भारतीय छात्र की मौत, आग से बचने की कोशिश में अपार्टमेंट से कूदा; घर पर पसरा मातम

**बर्लिन (जर्मनी)।** संक्रांति के त्योहार पर रितिक रेड्डी का परिवार उसका घर लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। लेकिन नए साल के पहले दिन अपार्टमेंट में आग लगने के बाद रितिक की मौत हो गई। अब उनका परिवार उनके शव का इंतजार कर रहा है।

जर्मनी की राजधानी बर्लिन में एक भारतीय छात्र की बुधवार की रात भीषण अग्निकांड में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उनके अपार्टमेंट में भीषण आग लगी। आग और घने धुएं से बचने की कोशिश में छात्र अपार्टमेंट की ऊपरी मंजिल से कूद गया और उसके सिर पर चोटें आईं। उसे पास के अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान तेलंगाना के जंगांव जिले के मल्कापुर गांव निवासी रितिक रेड्डी (25 वर्षीय) के रूप में हुई है। संक्रांति के त्योहार पर उनका परिवार उनके घर लौटने का इंतजार कर रहा था। लेकिन नए साल के पहले



दिन यह हादसा हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर घर शोक में डूब गया। परिवार अब उनके असामयिक निधन से सदमे में है।

रिपोर्ट के मुताबिक, रितिक रेड्डी यूरोप विश्वविद्यालय से एमएस की पढ़ाई के लिए जून 2023 में जर्मनी के मैगडेबर्ग गए थे। उन्होंने 2022 में वाग्देवी इंजीनियरिंग कॉलेज से स्नातक किया था। बताया जा रहा है कि रितिक ने दशहरा के समय छुट्टी को टाल दिया और योजना बनाई थी कि जनवरी के दूसरे सप्ताह में संक्रांति के लिए घर लौटेंगे।

जर्मनी के स्थानीय अधिकारी आग लगने के कारण की जांच कर रहे हैं। इसी बीच, रितिक का परिवार और उनके मित्र तेलंगाना से विदेश मंत्रालय (एमईए) और जर्मनी में भारतीय दूतावास से संपर्क कर रहे हैं, ताकि उनके शव को उनके घर गांव लाने की प्रक्रिया जल्दी पूरी हो सके। पिछले महीने जंगांव जिले की सहज रेड्डी उदुमला (24 वर्षीय महिला) की अमेरिका में घर की आग लगने के कारण मौत हो गई थी।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# इंदिरापुरम में नगर निगम का चला बुलडोजर 177500 का जुमार्ना






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में अग्रसेन चौक से काला पत्थर रोड पर नगर निगम ने शुक्रवार को अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान प्रतिबंध पॉलिथीन में गंदगी को लेकर चालान भी काटे गए। वसुंधरा जोनल प्रभारी सुनील राय ने बताया कि आईजीआरएस की शिकायत पर यह अभियान चलाए गए हैं, जिसमें लोगों ने छज्जा व गंदगी फैला रखी थी। इसी दौरान प्रतिबंध पॉलिथीन के भी चालान हुए, जिसमें 177500 का जुमार्ना किया गया है ।

नगर आयुक्त और महापौर के आदेश अनुसार यह अभियान चलाया गया था। इससे पहले भी नगर निगम ने इंदिरापुरम में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की थी। नगर निगम की इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया है। इस मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई सुरक्षा कर्मचारियों ने भीड़ को इधर-उधर हटाए वही दुकान के चालान काटने के दौरान नोक झोंक भी हुई।

इस दौरान जिन लोगों ने चालान नहीं कटवाए उनका समान जप्त किया गया, और जो दुकान के छज्जे आगे निकल रखे थे, वह भी बुलडोजर से गिरा दिए गए। इस दौरान टी एस बीके लाल, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद कुमार, सफाई इंस्पेक्टर अशोक कुमार, आर आई प्रवेश सिंह, सफाई नायक संदीप कुमार मौजूद रहे।

# एक शाम बाबा के नाम भजन संध्या, स्वर्गीय ठाकुर कमल सिंह चौहान की स्मृति में उमड़ा जनसैलाब



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कविनगर स्थित डायमंड पैलेस में पूर्व भाजपा प्रत्याशी बेहट विधानसभा सहारनपुर ठाकुर अजय चौहान द्वारा अपने स्वर्गीय पिता ठाकुर कमल सिंह चौहान की स्मृति में एक शाम बाबा के नाम भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गढ़मनिया क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग पहुंचे। भजन संध्या में प्रस्तुत भक्ति गीतों और भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

आयोजन के दौरान सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न वर्गों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# पप्पू पहलवान ने राधा कृष्णा सोसाइटी में लोगों से किया जनसमस्याओं पर संवाद





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन के राधा कृष्णा सोसाइटी में महामंत्री पप्पू पहलवान द्वारा क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोसाइटी के लोग उपस्थिति रहे।

चर्चा के दौरान निवासियों ने अपने-अपने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को रखा, जिन्हें महानगर महामंत्री ने गंभीरतापूर्वक सुना एवं उनके शीघ्र और प्रभावी निस्तारण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की सुविधा हेतु नए वोटर आईडी बनाए जाने के लिए संबंधित फॉर्मों का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर राधा कृष्णा पार्क सोसाइटी के बच्चों द्वारा स्वच्छता अभियान पर आधारित एक सुंदर नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसमें बच्चों ने सूखा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग करने का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। साथ ही राधा कृष्णा पार्क सोसाइटी की नवगठित समिति के पदाधिकारियों का स्वागत भी किया गया।

# खोड़ा में नए साल पर बुजुर्गों का हुआ सम्मान

## कालू यादव बोले- इनके अनुभव और आशीर्वाद से ही जीवन को सही दिशा मिलती है







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में भाजपा नेता कालू यादव ने नए साल के मौके पर बुजुर्ग सम्मान समारोह हुआ। इस दौरान कालू यादव ने कहा कि बुजुर्ग परिवार और समाज की जड़ होते हैं। उनके अनुभव और आशीर्वाद से ही जीवन को सही दिशा मिलती है। दर्जनों से अधिक बुजुर्गों को हुआ सम्मान

कालू यादव ने कार्यक्रम में कई 50 से अधिक बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को शाल, श्रीफल और फूल-मालाएं भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया। कालू यादव ने बताया कि बुजुर्गों को एक मंच पर लाने और उन्हें सम्मान देने का यह प्रयास पिछले कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है, जिससे सामाजिक समरसता मजबूत हुई है।

समारोह में लगभग 20 बुजुर्ग महिलाएं और 30 बुजुर्ग पुरुष शामिल हुए। सालों बाद अपने पुराने मित्रों और परिचितों से मिलकर बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी दिखी। इस अवसर पर कई बुजुर्ग भावुक भी हो गए। सभी के लिए हुआ सामूहिक भोज कार्यक्रम के अंत में सभी बुजुर्गों और उपस्थित ग्रामीणों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। बुजुर्गों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ते हैं और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर अश्विनी यादव सुरेंद्र गौतम, निरंजन मिश्रा , ईश्वर चंद द्वेदी , धर्मप्रकाश गुप्ता , भगवंत सिंह भगेल,उत्तम कुमार राघव , बल्ले पहलवान , संदीप शर्मा , सुभास भाटी ,गांधी गुप्ता , भूरी जाट , पप्पी , जगदीश जाट , दिनेश चंद कांडपाल ,सोनी सुनार ,सुनील कुमार ( सभासद ) , प्रदीप चाचा , संजीव भगत ,जितेंदर पाल , मुनेश राणा , सचिन चौहान , अजय यादव , अर्पित मिश्रा ,असलम खान , इमाम , जाहिद ठेकेदार , आस मोहम्मद आदि लोग मौजूद रहे।

# सरल ऐप कोर टीम की इंदिरापुरम में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में सरल ऐप कोर टीम की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सरल ऐप संयोजक सोनू भाटी राजपूत ने की। बैठक में सरल ऐप के आने वाले आयामों, संगठनात्मक मजबूती तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से सार्थक चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे और सरल ऐप को और अधिक प्रभावी व जनोपयोगी बनाने के लिए सामूहिक संकल्प लिया। बैठक के दौरान कोर टीम के सक्रिय सदस्य प्रयाम सक्सेना धीरज शर्मा यश मेहता मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर आपसी सौहार्द, संगठनात्मक एकजुटता और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला।

इस अवसार पर रमन मिश्रा , रवि रंजन पांडे , पंकज जैन, दीपा तोमर, दिनेश सिंह, परवीन वर्मा आदि उपस्थिति रहे बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने सरल ऐप को जन-जन तक पहुँचाने तथा संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया गया।

# पार्षद यशपाल पहलवान ने वार्ड 20 में किया इंटर लॉकिंग टाइल्स और नाली का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** निगम पार्षद यशपाल पहलवान ने वार्ड 20 के गगन विहार डी, ब्लॉक सोमिंदर कसाना वाली गली नंबर 1 में इंटर लॉकिंग टाइल्स और नाली का उद्घाटन सम्मानित लोगों से कराया।

इस मौके पर भोपुरा चौक शहीद स्मारक की सफाई कराई और वार्ड में सफाई अभियान भी चलाया गया। पार्षद यशपाल पहलवान ने कहा कि सर्दी के मौसम में पशु कोई बीमार हो या अस्वस्थ हो, उसकी जानकारी हमें दें, उसका निशुल्क इलाज पशु चिकित्सालय में कराया जाएगा। पार्षद यशपाल पहलवान ने इस मौके पर सफाई कर्मचारियों का फूल माला से स्वागत किया और यह भी कहा कि आप लोग स्वस्थ हैं तो वार्ड स्वच्छ है सर्दी के मौसम में अपना भी ध्यान रखें और सफाई पर विशेष जोर दिया उन्होंने बताया कि वार्ड में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं । मेरे द्वारा जो लोगों से चुनाव के दौरान वादा किया था उसे पूरा करने की कोशिश कर रहा हूं विकास ही मेरी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर जय कसना, वार्ड अध्यक्ष डॉ कमल जी, सोमिंदर कसाना, धनु चंदेला, अंकित बंसल जी, रवि यादव, सनी वर्मा जी, डी एस रावत, मनोज लोधी, जितेंदे सेन, रवि मावी, जय पाल, सुनील कुमार, लखपत, जयवीर बनेवाल, जगदीश ठाकुर , राहुल , संजय आदि लोग लोग मौजूद रहे।

# सुल्लामल रामलीला कमेटी ने मूकबधिर दिव्यांगों को दिखाया निशुल्क सर्कस





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रामलीला मैदान घंटा घर पर रशियन रॉयल सर्कस चल रहा जिस की प्रशंसा बच्चों सहित बड़े भी कर रहे है। सुल्लामल रामलीला कमेटी द्वारा सामाजिक सरोकार का अनुकरणीय कार्य करते हुए मूक-बधिर दिव्यांगजनों को निःशुल्क सर्कस दिखाने की व्यवस्था की गई। इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कान लाना एवं उन्हें मनोरंजन के साथ समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। सर्कस के रोमांचक और मनोरंजक कार्यक्रमों का मूक-बधिर दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कमेटी के इस मानवीय प्रयास की उपस्थितजनों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा सराहना की गई।

सुल्लामल रामलीला कमेटी ने भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। गाजियाबाद बधिर एसोसिएशन के अध्यक्ष पार्षद नीरज गोयल ने रामलीला कमेटी का धन्यवाद किया।

# गाजियाबाद पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को दबोचा, छह किलो गांजा बरामद



**साहिबाबाद करंट क्राइम।** खोड़ा थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी में संलिप्त गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार और उसमें रखा करीब छह किलो गांजा बरामद किया है। पकड़े गए गिरोह का सरगना पहले भी कई राज्यों से जेल जा चुका है और उसका नेटवर्क देश के विभिन्न हिस्सों में फैला हुआ बताया जा रहा है। पुलिस पूछताछ के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गौतमबुद्ध नगर के बिसरख निवासी शीलू सिंह, खोड़ा निवासी रामकुमार गुप्ता और नोएडा फेज-3 निवासी संजय शुक्ला शामिल हैं। पुलिस ने नियमित चेकिंग के दौरान कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें छह किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में गिरोह का सरगना रामकुमार गुप्ता सामने आया है।

पूछताछ के दौरान रामकुमार ने बताया कि वह शीलू सिंह से गांजा खरीदता था। वहीं शीलू सिंह और संजय शुक्ला फरुर्खाबाद के बाबा लक्ष्मणदासपुरी गांव निवासी राशिद के माध्यम से बिहार से गांजा मंगवाते थे। बिहार में गांजे की सप्लाई दीपराज नामक व्यक्ति द्वारा राशिद को की जाती थी।

पुलिस के अनुसार बिहार से गांजा खोड़ा तक लाया जाता था और इसके बाद एनसीआर क्षेत्र में इसकी सप्लाई की जाती थी। रामकुमार और शीलू सिंह दोनों ही पूर्व में आंध्र प्रदेश, दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद से जेल जा चुके हैं।

एसीपी ने बताया कि रामकुमार गुप्ता के खिलाफ गाजियाबाद, दिल्ली और आंध्र प्रदेश में गांजा तस्करी के तीन मामले दर्ज हैं। वहीं शीलू सिंह के खिलाफ बंगलुरु, नोएडा और गाजियाबाद में गांजा तस्करी के चार मामले तथा फतेहगढ़ में मारपीट और जान से मारने की धमकी का एक मामला दर्ज है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश में दबिश दे रही है।

## सम्मान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजय नगर एम ब्लॉक आरडब्ल्यूए की पूरी टीमने 75 वर्षीय चौधरी जयपाल सिंह का जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया। 75 वर्षीय जयपाल सिंह आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी हैं और वो भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य हैं। 75 वें जन्मदिन पर उन्हें आरडब्ल्यूए की पूरी टीम ने सम्मानित किया। इस अवसर पर चौधरी जयपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नोएडा पुलिस ने 77 गुम मोबाइल खोजकर पीड़ितों को सौंपे

**नोएडा।** कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने नोएडा के अलग-अलग हिस्सों से गुम और चोरी हुए 77 स्मार्ट मोबाइल फोन को ढूंढकर शुक्रवार को पीड़ितों को सौंप दिया। गठित स्पेशल टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से गायब हुए मोबाइल फोनों को तलाशा किया। पुलिस के अधिकारियों के अनुसार यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। वहीं सभी मोबाइल धारकों ने अपने-अपने मोबाइल फोन वापस पाकर पुलिस की प्रशंसा की और अपना मोबाइल देखकर सभी के चेहरे खिल उठे।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में एवं डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद तथा एडीसीपी शैव्या गोयल के पर्यवेक्षण में नोएडा जोन पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। इस अभियान के अंतर्गत विगत दिनों नागरिकों के गुम हुए कुल 77 मोबाइल फोन को सर्विलांस की सहायता से तलाश किया गया।

# डीएलएफ पिंक बूथ पर नारी सुरक्षा को लेकर हुआ आयोजन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महिलाओं एवं बच्चों के साथ डीएलएफ कॉलोनी के पिंक बूथ पर नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति के तहत इंचार्ज मंजीत सिंह ने कॉलोनी की महिलाओं एवं बच्चों को संबोधित करते हुए महिलाओं के अधिकारों और आत्मनिर्भर बनने की दशा में विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर शासन-प्रशासन द्वारा उपलब्ध महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर के विषय में जानकारी दी गई। नव वर्ष की प्रथम संध्या होने पर पिंक बूथ स्टाफ ने कॉलोनी की सेलिब्रेशन किया, जिसमें साथ मिलकर केक सेलिब्रेशन एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस अवसार पर पार्षद रेखा गोस्वामी, ललिता कुमारी, मीनाक्षी शर्मा, शैली, उमा, रेखा बिंजोला, माला मिश्रा, मंजू, कुसुम, राधा, अनीता, सरिता, प्रीति कुमारी आदि महिला मौजूद रही।